तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 18 मई 2026




# स्वामी आत्मानंद स्कूलों में लॉटरी सिस्टम से दाखिला : दीपक नगर बालाजी नगर, नगपुरा और रिसाली स्कूल में सीटों से दोगुना आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले के 40 शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश व हिन्दी मीडियम स्कूलों में इस बार लाटरी सिस्टम से दाखिला होगा। ऑनलाइन सिस्टम से आवेदन पालकों ने किए हैं। एक जून से लॉटरी निकलना शुरू हो जाएगा। सबसे ज्यादा प्रवेश की मारामारी रिसाली इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपकनगर दुर्ग, बालाजी नगर खुर्सीपार भिलाई, नगपुरा, रिसाली और सेक्टर 6 इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए हैं। यहां तय सीटों की तुलना में दोगुणा अधिक आवेदन आए हैं। इसी तरह सबसे कम आवेदन बेल्हारी स्कूल के लिए हुए हैं। इस स्कूल में 50 सीटें हैं और केवल 7 बच्चों का आवेदन हैं। ओवरऑल सभी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए सीटों से ज्यादा आवेदन आए हैं। इसके अलावा ऑफ लाइन आवेदन भी बच्चों ने किया है। इस हिसाब से सभी स्कूलों में प्रवेश के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी।

## ● शिक्षा विभाग ने इस बार ऑनलाइन आवेदन मंगाए, एक जून से लॉटरी



### इन पांच स्कूलों में सीटों से ज्यादा आवेदन

स्वामी आत्मानंद स्कूल दीपक नगर दुर्ग में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 50 सीटें हैं। यहां 124 बच्चों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है। बालाजी नगर खुर्सीपार भिलाई में 50 सीटें हैं।इस स्कूल में प्रवेश के लिए 112 बच्चों का आवेदन है। नगपुरा स्कूल में 50 सीटों के एवज में 110 आवेदन हुआ है। रिसाली में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 50 सीटें हैं। यहां 107 बच्चों ने प्रवेश के लिए आवेदन जमा किए हैं। इसी तरह सेक्टर 6 इंग्लिश मीडियम स्कूल में 50 सीटों के लिए 95 बच्चों के आवेदन आए हैं।

### ग्रामीण स्कूलों में हैं ज्यादातर सीटें खाली

स्वामी आत्मानंद स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में भी खोले गए हैं। यहां के स्कूलों में ज्यादातर सीटें खाली हैं। हालांकि जिला शिक्षा विभाग के हिसाब से ग्रामीण स्कूलों में ऑफ लाइन आवेदन भी अधिक जमा हुए हैं इसलिए सीटें भर जाएगी। बेल्हारी स्कूल में 50 सीटें हैं यहां केवल 7 बच्चों का आवेदन आया है। बोरई में 50 सीटें हैं लेकिन आवेदन केवल 10 ही आए हैं। अमलेश्वर में 50 सीटों के एवज में 36 आवेदन हुए हैं। अहिवारा में 50 सीटों के लिए 26 आवेदन किए गए हैं। पाउवारा में 50 सीटों पर 18 और कातरों में 22 , तिरगा में 25 और अंजोरा में 33 बच्चों का आवेदन हुआ है।

### पहली बार राज्य के पोर्टल में दाखिले होंगे दर्ज

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में दाखिले के लिए पहली बार राज्य स्तर पर भी प्रवेश पोर्टल तैयार किया गया है। इस पोर्टल में पहले प्रत्येक जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों को दर्ज किया गया है। स्कूलवार निर्धारत सीटों की संख्या भी हैं। प्रत्येक स्कूल के संस्था प्रमुखों को पोर्टल में एंट्री करने के लिए कोड जारी किया गया है। हालांकि लाटरी प्रत्येक स्कूल में वहां के संस्था प्रमुख ही निकालेंगे लेकिन बच्चों का पूरा ब्योरा उसी दिन पोर्टल में दर्ज किया जाएगा। इससे स्कूलों मे वास्तविक दाखिले की स्थिति स्पष्ट होगी। उस हिसाब से बच्चों को शासन की निःशुल्क पुस्तकें भी मुहैया करवाई जाएगी।

| स्कूल | सीटें | आवेदन |
|---|---|---|
| दीपक नगर | 50 | 124 |
| बालाजीनगर | 50 | 112 |
| नगपुरा | 50 | 110 |
| रिसाली | 50 | 107 |
| सैक्टर 6 | 50 | 95 |
| हॉस्पिटल सेक्टर | 50 | 19 |
| पाटन | 28 | 35 |
| हायर सेकंडरी पाटन | 50 | 44 |
| जामगांव | 50 | 66 |
| मरोदा | 50 | 39 |
| रानीतराई | 50 | 39 |
| सेलूद | 50 | 62 |
| मर्रा | 50 | 52 |
| बेल्हारी | 50 | 07 |
| अमलेश्वर | 50 | 36 |
| जामगांव एम | 50 | 68 |
| बोरई | 50 | 10 |
| बीएमवाई चरोदा | 50 | 34 |
| कुम्हारी | 76 | 70 |
| अहिवारा | 50 | 26 |
| उतई | 40 | 50 |
| कातरो | 40 | 22 |
| पाउवारा | 50 | 18 |
| खम्हरिया | 50 | 68 |
| निकुम | 50 | 73 |
| तिरगा | 50 | 25 |
| अंजोरा | 50 | 33 |
| तितुरडीह | 50 | 42 |
| बोरसी | 40 | 30 |
| फरीदनगर | 50 | 72 |
| जेपीनगर | 50 | 67 |
| सेक्टर 2 | 50 | 62 |

### इसलिए बढ़ रहा है सेजस स्कूलों का क्रेज

दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों का क्रेज बढ़ रहा है। इसकी वजह है कि इन स्कूलों में शैक्षणिक शुल्क पालकों को नहीं देना पड़ता। पहली से लेकर दसवीं तक निःशुल्क किताबें बच्चों को दी जाती है। छात्रवृत्ति भी बच्चों को मिलती है। वहीं निजी स्कूलों में पालकों को हर महीने मोटी शैक्षणिक शुल्क पटाना पड़ता है। पुस्तकें भी निजी प्रकाशकों की खरीदी करवाते हैं। एक बच्चे को पढ़ाने में निजी स्कूलों में हजारों रुपए खर्च हो जाते हैं।

### रिजल्ट भी इंग्लिश मीडियम स्कूल बेहतर

जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों का रिजल्ट इस साल बेहतर आया है। बारहवीं बोर्ड में स्वामी आत्मानंद स्कूल कुम्हारी, पाउवारा, फरीदनगर, घुघवा और जामगांव एम का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। इसी तरह दसवीं बोर्ड में स्वामी आत्मानंद स्कूल जंजगिरी, अहिवारा, तमेरपारा धमधा का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। सीजी बोर्ड की मेरिट सूची में स्वामी आत्मानंद स्कूल के दो विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। बारहवीं में रिया साहू स्वामी आत्मानंद स्कूल कुम्हारी और दसवीं बोर्ड में स्वामी आत्मानंद स्कूल रानीतराई की छात्रा तनूजा वर्मा ने मेरिट स्थान लिया है।

### लाटरी सिस्टम से चयन

इस बार स्वामी आत्मानंद स्कूलों में जहां सीटों से ज्यादा आवेदन आए हैं वहां लाटरी सिस्टम से चयन किया जाएगा। पोर्टल में प्रवेशित बच्चों की एंट्री होगी। लाटरी स्कूल अपने हिसाब से निकालेंगे।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

## खबर संक्षेप

### एक्टिवा में शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** एक्टिवा में शराब तस्करी करते पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मरचूरी रोड शेड के नीचे अवैध रूप से शराब बेचने व परिवहन करने की सूचना मिली थी। मौके पर टीम पहुंची और दबिश देकर धमधा बस स्टैंड वार्ड 7 निवासी जितेंद्र साहू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने नीले रंग की एक्टिवा सीजी 07 सीडब्लू 0459 की डिक्की में रखे 30 पौवा देशी शोले मसाला मदिरा बरामद किया। वाहन की कीमत 70 हजार, शराब 3 हजार रुपये का जब्त किया।

## सुपेला चंद्रा मौर्या चौक की घटना, रेड सिग्नल तोड़कर भागने की फिराक में था चालक

# तेज रफ्तार कार ने सिग्नल में खड़ी बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई के सुपेला में चंद्रा मौर्या चौक के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने रेड सिग्नल में खड़े बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार तीन युवकों को गंभीर चोट आईं। अधिक खून बहने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीसरे युवक की स्थिति गंभीर है। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में पूछताछ शुरू कर दी है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चंद्रा मौर्या चौक में लगे सिग्नल के पास सीजी 07 बीआर 0571 कार के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दो पहिया वाहन सीजी 07 एआर 9448 को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सुपेला निवासी नूर खान, सलीम और रायपुर निवासी मनोहर काफी दूर जा गिरे। दर्घटना में नूर और मनोहर की मौके पर मौत हो गई वहीं सलीम गंभीर रूप से घायल है। उसे निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। कार की जांच के दौरान उसके अंदर ड्रग और सीरिंज पाई गई है।

कार के अंदर से मिले नशा के लिए उपयोग किए जाने वाले सामान, ड्रग व सीरिंज



### एसी बनाने जा रहे बाइक सवार

बताया जा रहा है कि बाइक सवार एसी बनाने के लिए जा रहे थे। रेड सिग्नल होने से उन्होंने बाइक को खड़ा किया था। इस दौरान सागर जायसवाल नाम का युवक कार में काफी तेज रफ्तार से आया और बाइक को टक्कर मार दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक सागर जायसवाल को हिरासत में लिया और वाहन को जब्त किया।

### सामने से कार के उड़े परखच्चे



चौक में खड़े प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि बाइक से टकराने के बाद उसके सामने का हिस्से के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दो मृत घोषित कर दिया और एक को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया है। बताया जा रहा है कि कार चालक सिग्नल तोड़ते हुए तेज रफ्तार से वाहन का चलाकर आगे निकलने की कोशिश कर रहा था। तभी दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया।

### सीसी कैमरों को खंगालेगी पुलिस

घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों को पुलिस खंगालेगी। हादसे में क्या-क्या हुआ था। इसके अलावा कार चालक का मेडिकल टेस्ट भी कराया जाएगा। वाहन चलाते समय नशे की हालत में था या नहीं। जिससे हादसे का असली कारण सामने आ पाएगा। राहगीरों के मुताबिक तेज रफ्तार और सिग्नल तोड़ कर कार चालक आगे निकल रहा था। जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी सामने आ पाएगी।

## जेवरा सिरसा पुलिस चौकी की घटना

# विकलांग मां की लाठी से पीटकर हत्या पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



घरेलू विवाद के चलते विकलांग मां को उसके बेटे द्वारा लाठी से पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि 16 मई को मनीष पटेल ने पुलिस के पास पहुंचकर सूचना दिया कि उसकी बुआ सरस्वती पटेल (50 वर्ष) की किसी ने हत्या कर दी है। सरस्वती शरीर से विकलांग थी। पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर पतासाजी करना शुरू किया। संदेह के आधार पर पहले बेटा अश्वनी पटेल से पूछताछ की। उसने तुरंत जुर्म स्वीकार किया और बताया कि उसने अपनी मां सरस्वती पटेल से खाना नहीं बनाने की बात को लेकर विवाद किया। गुस्से में आकर उसने पस रखी लाठी से मां के सिर, माथे, हाथ, छाती और पेट पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। शव को पुलिस ने पीएम के लिए चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज भेजा। डॉक्टरों की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगने से मौत होने की जानकारी आई। पुलिस ने आरोपी के पास से लाठी भी जब्त कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा है। पुलिस की जांच में सामने यह बात आई है कि अक्सर आरोपी अपनी मां से खाना नहीं बनाने की बात को लेकर विवाद करता था।

### पुलिस ने की अपील

इस हृदय विदारक घटना को देखकर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वो छोटी छोटी बातों को लेकर घरेलू विवाद को बढ़ावा ना दें। विवाद या तनाव की स्थिति में कानून को अपने हाथ में बिल्कुल न लें। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उसकी सूचना पुलिस को तुरंत दें।

# म्यूल खाते से बड़ा लेनदेन, दो युवकों को पकड़ा

## छावनी पुलिस ने किया कार्रवाई, लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



लोन दिलाने का झांसा देकर म्यूल खातों में दस्तावेजों का उपयोग कर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुण्ठ धाम आंगनबाड़ी केन्द्र 25 परिसर में लोन दिलाने के नाम पर लोगों से बैंक पासबुक, खातों की जानकारी लेकर उन्हें म्यूल बैंक खाता, फर्जी पासबुक, एटीएम, साइबर ठगी कर क्रिकेट सट्टा में उपयोग करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी मदर टेरेसा नगर कैम्प वन निवासी जावेद अख्तर द्वारा शारदा पारा कैम्प 1 आकाश जायसवाल के माध्यम से बैंक खातों, पासबुक को जुटाया करता था। जिससे साइबर ठगी, अन्य अवैध गतिविधियों में उपयोग में दस्तावेजों का लाया करता था। दोनों युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि बैंक खातों, पासबुक को लोन दिलाने के नाम पर मोटी रकम लेकर दूसरो को उपलब्ध कराया जाता था। आरोपियों के पास से महाराजा बैंक से जुड़े खाता दस्तावेज, मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### पाशा के मोबाइल से मिले करीबियों पर कार्रवाई की तैयारी

मिली जानकारी के मुताबिक छावनी पुलिस ने खुर्सीपार निवासी इरफान उर्फ पाशा को गुरु 777 एप का संचालन करते बैकुंठधाम वाटिका गेट के पास से कार समेत पकड़ा गया था। पाशा के पास से मोबाइल भी पुलिस ने जब्त किया था। उसके मोबाइल में सैकड़ों की संख्या में नंबर मिला है।छावनी पुलिस उक्त नंबरों को ट्रेस करने में जुटी हुई है। ऑनलाइन सट्टा का कारोबार पाशा द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाता रहा है। पाशा के मोबाइल में भिलाई-दुर्ग समेत आसपास के सटोरियों के नंबर भी मिले है। उनके खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की तैयारी जारी है। इससे जुड़े लोग ऑनलाइन सट्टा के लिए बैंक खातों को किराए पर देने वालों का भी लिस्टिंग तैयार किया गाय है। जल्द इनके खिलाफ गाज गिरेगी।

# दो महीने तक बंद रहेगा चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

चंद्रा- मौर्या अंडरब्रिज में आवागमन दो महीने तक बंद रहेगा। भिलाई निगम यहां पर सीसी रोड का निर्माण करवाने जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान इस अंडर ब्रिज से वाहनो का आना जाना बंद करने का निर्णय लिया गया है। 18 मई से निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। जो 15 जुलाई तक चलेगा। यह अंडरब्रिज पटरीपार जाने वालों के लिए सीधा रास्ता है। पटरीपार के लोग सेक्टर एरिया में आवागमन करने के लिए इसी अंडरब्रिज का उपयोग करते हैं। इसी तरह रामनगर मुक्तिधाम जाने के लिए भी सेक्टर एरिया के लोग इस अंडरब्रिज का इस्तेमाल करते हैं। कई दुकानें और प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए हजारों लोगों का यहां से आना-जाना है।



### सुपेला अंडरब्रिज पर बढ़ेगा दबाव

चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज लंबे समय तक बंद होने की वजह से सुपेला विद्यारतन भसीन अंडरब्रिज पर यातायात का दबाव दोगुना बढ़ जाएगा। जो लोग अपनी सुविधा के लिए चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज का उपयोग करते थे वे अब सुपेला अंडरब्रिज से आवागमन शुरू कर देंगे। इसलिए कि यहां से सुपेला अंडरब्रिज की दूरी काफी कम है। जिसकी वजह से लोगों का आवागमन अब सुपेला अंडरब्रिज से ज्यादा होगा।

### बारिश में रोड और हो जाती है खराब

अंडरब्रिज पर सीसी रोड का निर्माण भिलाई निगम बारिश से पहले करना चाहती है। इसलिए कि बारिश में इस रोड की हालत और खराब हो जाएगी। खासकर अंडरब्रिज पर पानी भरता है तो लोगों को वाहन से गुजरना और दिक्कत भरा होता है। सीसी रोड का निर्माण होने से हजारों लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। हाल ही में हुई हल्की बारिश में ही यहां पानी ठहरने लगा। सीसी रोड निर्माण शुरू करने के लिए निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने तकनीकी टीम के साथ अंडरब्रिज का जायजा लिया और उसके बाद रोड बंद करने का निर्णय लिया गया।

## बिल्डर ने कहा दुर्ग निगम के एमआईसी मेंबर और भाजपा नेता द्वारा किया जा रहा परेशान

# आरआई पर गलत सीमांकन करने और 25 लाख मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले के बिल्डर रजत सुराना ने आरआई पटवारियों द्वारा खसरे का गलत तरीके से सीमांकन कर बैठाने और उसको रोकने के लिए रिश्वत मांगेने का खुलासा किया है। सुराना कहा कि इस तरह का खेल करके आरआई पटवारी दूसरे बिल्डर को करोड़ों का फायदा पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने आवाज उठाई है और उचाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

रजत सुराना ने बताया कि उनकी जमीन पर दूसरे का खसरा बैठाने का खेल राजस्व निरीक्षक (आरआई) विजय शर्मा के द्वारा



किया जा रहा है। उसने यह सारा खेल दुर्ग निगम के एमआईसी सदस्य और भाजपा नेता नीलेश अग्रवाल के कहने पर किया है। शिकायतकर्ता रजत सुराना के अनुसार आरआई विजय शर्मा ने पहले इस मामले को विवादित किया और सीमांकन प्रकरण को जानबूझकर पेचीदा बना दिया। इसके बाद इसमें आरआई पटवारियों की एक टीम बनाने की मांग की। टीम में अपने पसंदीदा आरआई पटवारियों को शामिल कराया। इसके बाद जब रजत सुराना ने आरटीआई से दस्तावेज निकालकर सीमांकन में रोक लगाने अपना पक्ष रखा तो तो उन्हें अपने तहसील कार्यालय में बुलाया और 25 लाख रुपए की डिमांड की। उसने कहा कि यदि पैसा नहीं दिया तो उनकी जमीन में नीलेश अग्रवाल का खसरा बैठाकर सीमांकन कर देगा। रजत ने पैसा ना देने की बात कही और कहा कि वो उनके खिलाफ न्यायालय की लड़ाई लड़ेंगे। यदि वो सही हैं और उनकी जमीन सही है तो उस पर कोई दूसरा अपना अधिकार नहीं कर सकता है।

### क्या है पूरा ज़मीन विवाद

रजत ने बताया साल 2005 में पवन अग्रवाल नाम के व्यक्ति से उन्होंने खसरा नंबर 80/3 में से 0.417 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। पवन अग्रवाल से इसी खसरे से 11 अन्य लोगों ने भी 1994 से 2005 के बीच जमीन खरीदी थी। पवन अग्रवाल ने इन खरीदारों के आने-जाने के लिए 30 फीट और 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए जमीन छोड़ी थी, जो आज भी मौके पर मौजूद है, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में इस सड़क-रास्ता की जमीन आज भी मूल खसरा नंबर 80/3 में ही दर्ज है। स्वयं पवन अग्रवाल ने भी तहसीलदार के समक्ष पूर्व में स्वीकार किया था कि उनकी बची हुई जमीन केवल रोड रास्ता की है।

### राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल

रजत ने आरोप लगाया कि पवन अग्रवाल के बेटे नीलेश अग्रवाल नगर निगम में पार्षद और एमआईसी (मेयर-इन-काउंसिल) सदस्य हैं। वो अपने राजनीतिक रसूख, पैसे और दबदबे का इस्तेमाल कर उस सड़क-रास्ते की जमीन को जबरन शिकायतकर्ता रजत सुराना की निजी भूमि खसरा नंबर 80/352 में समायोजित कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवैध काम को रोकने के लिए आरआई विजय शर्मा ने उनसे 25 लाख रुपये की मांग की।

### रिश्वत का आरोप बेबुनियाद

आरआई विजय शर्मा का कहना है कि रिश्वत मांगने वाला आरोप पूरी तरह से गलत है। सीमांकन के लिए तीन आरआई और दो पटवारियों की टीम बनाई गई है। रजत सुराना ने सीमांकन को लेकर आपत्ति लगाई है। पहले हम उन आपत्तियों को दूर करेंगे, इसके बाद ही सीमांकन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। जो भी होगा वो नियम के तहत किया जाएगा।

### कोर्ट करेगा फैसला

खसरा नंबर 80/3 मेरी पैतृक जमीन है। मेरी जो जमीन बची है उसका सीमांकन होना है। ये मेरा निजी मामला है, इसमें मैं राजनीतिक पहुंच का बिल्कुल इस्तेमाल नहीं कर रहा हूं। सारे आरोप गलत हैं। रही बात जमीन की तो मामला न्यायालय में है, जो वहां से फैसला होगा, उसे मान्य करूंगा। गलत और सही का फैसला न्यायालय करेगा।




## खबर संक्षेप

### बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ सेवानिवृत्त कर्मियों में रोष

**भिलाई।** शनिवार को सेवा निवृत्त कार्मिक कल्याण संघ की साप्ताहिक बैठक सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट परिसर में हुई। बैठक में लगातार बीएसपी प्रबंधन द्वारा अड़यिल रवैया अपनाए जाने को लेकर संस्था के सदस्यों में रोष देखा गया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रबंधन बार-बार सेवनिवृत्त कार्मिकों को परेशान कर रहा है जिसके कारण सहनशीलता टूटने के कगार में आ रही है। प्रबंधन से ना तो टाउनशिप की बिजली संभल रही, न सफाई व्यवस्था, न सीवरेज लाइन। केवल सड़क पर व्यापार करने वालों के झोपड़े उजाड़ने और लाचार बुजुर्गो का आवास छीन कर सड़क पर लाने का कार्य किया जा रहा है।

### भीम सिंह बने दुर्ग तहसील निषाद समाज के अध्यक्ष



**दुर्ग।** निषाद समाज दुर्ग तहसील का चुनाव जिला कार्यालय पुलगांव में हुआ। जिसमें दुर्ग तहसील निषाद समाज के अध्यक्ष पद पर भीम सिंह निषाद ग्राम आलबरस निवासी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद, महिला सचिव सुमन निषाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद, उपाध्यक्ष वरुण निषाद, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष राम सुख सपे, विष्णु निषाद टोप राम निषाद, डिकेश्वरी निषाद उपस्थित रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी मल्लेश निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी सियाराम निषाद ने चुनाव को विधिवत संपन्न कराया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। तहसील निषाद समाज के सहायक पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचित उपाध्यक्ष डॉ नरेन्द्र निषाद, चोवा राम निषाद, सचिव सगनु निषाद, कोषाध्यक्ष राम कुमार निषाद, संगठन सचिव डॉ राज कुमार निषाद, सह सचिव ओमप्रकाश निषाद, संतोष जलतारे, उप संगठन सचिव सोमनाथ निषाद, छिन्छा राम निषाद, अंकेक्षक दिनेश निषाद, प्रचार सचिव मनहरण निषाद, चुने गए।

### संगठन ने वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री का किया वितरण



**दुर्ग।** आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्था वृद्ध आश्रम सेक्टर-2 भिलाई में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव, ब्रह्मदेव पटेल, संत कुमार केसकर, लखन लाल साहू, भोजराम डढ़सेना, विजय रात्रे,सुमित्रा रात्रे, रमेश साहू, कृष्ण कुमार पाटिल, भानु प्रताप यादव, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, बेनी राम बघेल, अनिल खेलवार, रमाकांत अजगले,अशोक साहू सहित समिति के सदस्यों द्वारा 50 वृद्धों के लिए खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

# महाराजा चौक से बोरसी चौक तक बनने वाली फोरलेन सड़क का भूमिपूजन, मंत्री गजेन्द्र यादव हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग शहर के विकास को नई दिशा देने वाले महत्वपूर्ण कार्य के तहत आज महाराजा चौक से बोरसी बस्ती चौक तक बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम में मंत्री गजेन्द्र यादव के साथ दुर्ग के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। क्षेत्रवासियों ने लंबे समय से इस सड़क के चौड़ीकरण और बेहतर निर्माण की मांग की थी, जिसे अब प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है। 452.84 लाख की लागत से जिला मुख्यालय में पीडब्लूडी का मुख्य अभियंता एवं संभागीय कार्यालय का भूमिपूजन तथा 2396.71 लाख की लागत से बनने वाली 1.80 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बोरसी क्षेत्र सहित आसपास के गांव से भी आने वाले हजारों नागरिकों के लिए बड़ी सौगात साबित होगी। वर्तमान में इस मार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात के कारण लोगों को जाम, दुर्घटना और आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता था। फोरलेन सड़क निर्माण के बाद यातायात व्यवस्था अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगी। साथ ही क्षेत्र के व्यापार, आवागमन और विकास गतिविधियों को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री दिलीप साहू, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अशोक राठी, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कमलेश फेकर, वरिष्ठ भाजपा नेता विनायक नातू आदि उपस्थित रहे।

# वार्ड 22 में सतनाम भवन, जैतखाम जीर्णोद्धार एवं मंच निर्माण का मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



वार्ड 22 में सतनाम भवन, जैतखाम जीर्णोद्धार एवं मंच निर्माण कार्य के मंत्री गजेंद्र यादव ने भूमिपूजन किया। 19.88 लाख की लागत से होने वाला यह निर्माण कार्य समाज की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा। मंत्री श्री यादव ने कहा कि जैतखाम सतनामी समाज की पहचान और श्रद्धा का केंद्र है तथा इसके जीर्णोद्धार और सतनाम भवन निर्माण से समाजजनों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी समाजों के विकास और सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जैतखाम, सामुदायिक भवन और अन्य जनहित के कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र की जनता और सामाजिकजनों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, बंटी चौहान, कमलेश फेकर, कांशीराम कोसरे, भाजयुमो अध्यक्ष हिमांशु सिंह, पार्षदगण, समाजजन, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रतीकात्मक प्रदर्शन

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन धमधा में मोटरसाइकिल खींचकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग/धमधा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान और जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री तथा सराफा के बढ़ते दामों के विरोध में 17 से 20 मई तक चरणबद्ध आंदोलन तथा जनजागरण अभियान प्रारंभ किया गया।

अभियान के प्रथम दिवस जिले के विभिन्न ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन धमधा में आयोजित अनोखे प्रदर्शन ने सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता पर लगातार महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है। पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि से परिवहन, खेती-किसानी, खाद्य सामग्री एवं दैनिक जरूरतों की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं, जिससे गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी एवं मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। धमधा सहित जामुल, अहिवारा, मुरमुंदा, भिलाई-3, कुम्हारी, पाटन, जामगांव-आर, उतई एवं नगपुरा सहित विभिन्न ब्लॉकों में पेट्रोल पंपों के सामने प्रदर्शन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर महंगाई की मार, भाजपा सरकार, डीजल-पेट्रोल के दाम कम करो और जनता त्रस्त, सरकार मस्त जैसे नारे लगाए।

राकेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री देशवासियों को खर्च कम करने की सलाह देते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वयं विदेश दौरों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों का लाभ केवल चुनिंदा उद्योगपतियों को मिल रहा है, जबकि आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरणों के तहत 18 मई को खाद्य तेल एवं राशन सामग्री की बढ़ती कीमतों को लेकर बाजार क्षेत्रों में प्रदर्शन किया जाएगा। 19 मई को सराफा बाजारों में जनसंवाद किया जाएगा, जबकि 20 मई को सोशल मीडिया अभियान चलाकर महंगाई और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।इस दौरान प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, अशोक कसार, राजेश मानिकपुरी, अघ्नू पाल, अरुण साहू, रजत नायक, राज पटेल, रोमन पटेल, जितेंद्र वर्मा, देवेंद्र चंदेल, परमेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## चरणबद्ध आंदोलन तथा जनजागरण अभियान शुरू





**बैल जुड़ा से मोटर साइकिल बांधकर खींचा :** यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में पारंपरिक जुड़ा दो बैल फांसने का उपकरण में बैलों की जगह इंसानों को जोड़कर मोटरसाइकिल बांधकर खींची। इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने संदेश दिया कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जिंदगी इतनी कठिन बना दी है कि अब वाहन चलाना भी बोझ बन गया है।



### अवंती बाई चौक में हल्ला बोल

**भिलाई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोसा नगर सुपेला भिलाई के नेतृत्व में अवंती बाई चौक कोहका भिलाई में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मे साडा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह और प्रदेश सचिव इरफान खान ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाकर केंद्र सरकार आम नागरिकों की जेब पर डाका डाल रही है। हर चीज महंगी हो चुकी है और जनता त्रस्त है। यह सरकार केवल पूंजीपतियों के फायदे के लिए काम कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम होने के बाद भी देश में ईंधन के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरसिंह नाथ ने कहा कि ईंधन के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से आम जनता, किसानों और मध्यम वर्ग की कमर टूट चुकी है। जब तक सरकार कीमतें कम नहीं करती, कांग्रेस का यह संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान लालचंद वर्मा, मोहम्मद रफीक, इतवारी देवांगन, दर्शन सिंह, संजीत चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

## सेक्टर-6 पेट्रोल पंप के सामने कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी



**भिलाई।** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 द्वारा सेक्टर-6 स्थित पेट्रोल पंप के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ी हुई पेट्रोल-डीजल की कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 के अध्यक्ष सौरभ दत्ता ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ने से सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्गीय और आम परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन महंगा होने का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर दिखाई दे रहा है। परिवहन खर्च बढ़ने से फल, सब्जियां, राशन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं।सौरभ दत्ता ने कहा कि महंगाई ने आम जनता की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है और कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़कों पर उतर रही है। पार्षद और एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के साथ मिलकर बढ़ती महंगाई और ईंधन की कीमतों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताया और केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत देने की मांग की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दत्ता, पार्षद और एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जी याकूब, जिला कांग्रेस कमेटी के तोषु वर्मा, शिखा राय, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, राजू रजक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कानूनी प्रक्रिया के बिना गरीब मजदूरों को नहीं किया जा सकता बेघर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- दुर्ग न्यायालय के फैसले पर मेहनतकश आवास अधिकार संघ ने जताया हर्ष

बीएसपी के संपदा न्यायालय एवं नगर सेवा विभाग द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर के कई गरीब और मेहनतकश परिवारों को मकान खाली करने नोटिस जारी किया गया था। इसके विरुद्ध प्रभावित परिवारों ने दुर्ग जिला डीजे कोर्ट में मामला दायर किया। न्यायालय ने 14 मई को आदेश पारित करते हुए बीएसपी द्वारा जारी नोटिस को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन किए बिना किसी भी नागरिक को उसके घर से बेदखल नहीं किया जा सकता। अदालत ने बीएसपी प्रबंधन को निर्देशित किया कि वह 30 दिनों के भीतर नियमानुसार उचित प्रक्रिया अपनाते हुए मामले का गुण-दोष के आधार पर निराकरण करे। न्यायालय के इस आदेश के बाद आवास अधिकार संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हॉस्पिटल सेक्टर के मेहनतकश मजदूर लगातार यह मांग उठाता रहा है कि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे द्वारा पूर्व में बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक कर लगभग 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कराई गई थी। इस पर भिलाई निगम ने भी पहल की थी, लेकिन आज तक यह मामला किस स्तर पर अटका हुआ है, इसकी जानकारी मजदूरों और आम नागरिकों को नहीं दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली ने हॉस्पिटल सेक्टर से जुड़े इस संवेदनशील मामले को दुर्ग स्थित मध्यस्था लोक अदालत में भेजा है, जिसकी अगली सुनवाई 18 मई 2026 को निर्धारित है। मेहनतकश आवास अधिकार संघ ने कहा कि गरीब मजदूरों के आशियाने बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर अदालत तक लगातार जारी रहेगी। अधिवक्ता सालिनी गेरा, अमीत वर्मा, अनुश्री, गीत, कामिनी, समा ने कानुनी मेहनत किए फैसले के बाद आयोजित बैठक में मजदूरों ने अपनी लोकतांत्रिक आवाज को और मजबूत करने तथा संघर्ष को व्यापक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में नारायण राव, ब्रम्हा, अरुणा, लता, अनुसुइया, सुदरीया, लक्ष्मी, इश्रातम्मा, के. मैरी, मोहन कुर्रे सहित सैकड़ों मेहनतकश मजदूर उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर लोगों को जागरूक करने निकाली रैली

**भिलाई।** निगम क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया।

शासन के मंशानुरूप राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2026 की थीम जांच करें ,साफ करें, ढकें एवं डेंगू को हराने का उपाय करें। जोन -1 वार्ड -कोसनगर अंतर्गत रैशने आवास श्रमिक बस्ती में एवं जोन -2 वार्ड -23 घासीदास नगर सघन बस्ती में, जोन -4 वार्ड -40 मंगल बाजार - छावनी के श्रमिक बस्ती में आम नागरिकों में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से डेंगू रोधी नारों के साथ रैली निकालकर तथा अपने शहर में स्वच्छता अपनाते हुए डेंगू मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित पार्षद, मितानिन, जन समुदाय , महिला समूह के सदस्य उपस्थित रहे । मानसून पूर्व एवं मानसून के दौरान डेंगू से बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है। मच्छर प्रजनन स्रोत कूलर, टंकी, ड्रम, कंटेनर वगैरह की सप्ताह में एक दिन जांच करें, इसे साफ करें/सुखाएं तत्पश्चात ही उपयोग में लें। संग्रहित पानी पात्र को ढांक कर रखने, घर के आसपास स्थित नाली के जमाव पानी में जला ऑयल डालने, बाड़ी/बाग - बगीचों में रखे अनुपयोगी कबाड़ सामान जैसेः- टायर- ट्यूब, टूटे फूटे बर्तन, डिस्पोजल आदि को वर्षा पूर्व हटा लें जैसी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। कार्यक्रम में सर्वेलेंस विशेष दस्ता से के. के. सिंह अपनी टीम के साथ, जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव, उमेश कपूर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, अतुल यादव, घासीदास नगर की पार्षद श्रीमती ऊषा शर्मा, विनय शर्मा, स्व सहायता समूह की सुपरवाइजर पूनम यादव, किरण शर्मा अपनी टीम के साथ, वार्डवासी हेमलता रामटेके , प्रमिला खोबरागड़े, सरोजिनी देवांगन शामिल हुए।

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को विधायक चंद्राकर ने दी कार्रवाई की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पंचायत उतई कार्यालय परिसर में शनिवार को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने आम जनता को बार-बार चक्कर लगाने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग सहित सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जाए। चंद्राकर ने कहा कि सुशासन का मतलब है जनता को राहत देना। जब एक गरीब हितग्राही का राशन कार्ड, पेंशन या आयुष्मान कार्ड तत्काल बनता है, जब किसान की समस्या का समाधान मौके पर होता है, तभी मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन की सार्थकता सिद्ध होती है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार को हम केवल औपचारिकता न बनाएं, बल्कि इसे जनता के विश्वास का प्रतीक बनाएं। जो भी अधिकारी इस कार्य में लापरवाही बरतेगा, अपने काम को नहीं करेगा, जनता को बार-बार घुमाएगा, उसके ऊपर कार्रवाई होगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक चंद्राकर ने महिला और बाल विकास विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर गर्भवती महिलाओं नीलम मंडावी, बिना गोस्वामी और खेमिन साहू को सुपोषण आहार युक्त गर्भवती टोकरी भेंट की। शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह, नपं. उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू आदि मौजूद थे।

## 18 जुलाई को लोक अदालत, जिला सत्र न्यायाधीश ने ली बैठक

# स्पेशल लोक अदालत के लिए अधिकारियों की टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- गठित टीम को सौंपा गया दायित्व

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग के मार्गदर्शन में 18 जुलाई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में आयोजित होने वाली स्पेशल लोक अदालत को प्रभावी बनाने सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा विशेष रूप से तीन न्यायिक अधिकारियों की टीम गठित की गई है, जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं दो व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सम्मिलित हैं।



गठित टीम को दायित्व सौंपा गया है कि वे न्यायालय में लंबित अधिकाधिक बैंक एवं फायनेंस कंपनियों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु समन्वय स्थापित कर प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से सुलह-समझौते के आधार पर निराकृत कराने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों, निजी बैंकों एवं फायनेंस कंपनियों का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान न्यायिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं एवं बैंक प्रतिनिधियों को आगामी स्पेशल लोक अदालत के महत्व से अवगत कराया गया तथा अधिकाधिक लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित कर आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया। साथ ही कहा गया कि लोक अदालत एक प्रभावी वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली है, जिसके माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण न्याय प्राप्त होता है तथा समय एवं धन दोनों की बचत होती है।

### पक्षकारों से किया जाएगा संपर्क

निर्णय लिया गया कि बैंक एवं फायनेंस कंपनियों द्वारा लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर संबंधित पक्षकारों से संपर्क स्थापित किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक मामलों का निराकरण स्पेशल लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा आम नागरिकों, बैंक प्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि वे स्पेशल लोक अदालत में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत की अध्यक्ष एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव उपस्थित रहे।

### 60 वार्डों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा शहर के एक से लेकर 60 वार्डों तक नागरिक सुविधाओं की सतत निगरानी एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सचिव द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में यह व्यवस्था लागू की गई है। नियुक्त नोडल अधिकारियों को अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, विद्युत संबंधी समस्याओं एवं अन्य जनसुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निर्देशित किया है कि सभी नियुक्त नोडल अधिकारी प्रतिदिन अपने प्रभार वाले वार्डों का निरीक्षण करेंगे तथा वार्डों में प्राप्त समस्याओं, शिकायतों एवं उनके निराकरण से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे शासन-प्रशासन तक

# सुशासन तिहार शिविर में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत शनिवार को नगर पंचायत पाटन के वार्ड क्रमांक 4 स्थित देवांगन समाज सामुदायिक भवन में विशेष जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में नगर एवं क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी तथा लोगों ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए।

नगर पंचायत पाटन की सभापति एवं वार्ड क्रमांक 4 अखरा की पार्षद नेहा बाबा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 210 प्रकरण एवं आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से आधे से अधिक मामलों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को आवश्यक जांच एवं कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है।

शिविर में पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष श्री योगेश निक्की भले की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही सभापति एवं पार्षदगण केवल देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, संगीता धुरंधर, जीतू निर्मलकर, देवेंद्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत पाटन के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण हेतु आवश्यक पहल की। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार एवं मच्छरदानी का वितरण भी किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को शासन की प्राथमिकता बताते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों ने कहा कि सुशासन तिहार शासन एवं जनता के बीच संवाद स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम बनकर सामने आया है, जिससे आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने एवं त्वरित समाधान प्राप्त करने का अवसर मिला।

### 210 प्रकरण प्राप्त, आधे से अधिक मामलों का हुआ त्वरित निराकरण





### समस्या समाधान के लिए सुशासन तिहार में जुटे ग्रामीण

**जामगांव आर।** भाजपा छत्तीसगढ़ विष्णु देव सरकार द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निदान हेतु मर्रा में सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया। कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया है। विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी कार्य भी किए गए, जिनमें पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण, युवतियों को सेनेटरी पैड वितरण, जरूरतमंद परिवारों को मच्छरदानी वितरण, बच्चों एवं महिलाओं को सुपोषण आहार वितरण तथा हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया। शासन के सुशासन तिहार शिविर से ग्रामीण जन उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं एवं उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### शिविर में सुलझी लोगों की समस्याएं, स्वास्थ्य परीक्षण भी हुआ

**जामुल।** शासकीय प्राथमिक शाला जामुल रावण भाठा वार्ड – 9 महात्मा गांधी वार्ड जामुल में द्वितीय चरण की जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 14 मई गुरूवार को किया गया। जिसमें वार्ड क्र. 05, 07, 09, 10 के आवेदकों



द्वारा 101 मांग एवं 44 शिकायत संबंधी कुल 145 आवेदन प्रस्तुत किये गये। इसके अतिरिक्त 24 आवेदनों का आधार अपडेशन किया गया, आयुष्मान योजनांतर्गत 03 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के 10 हितग्राहियों का ई.के.वाई.सी. किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 51 लर्निंग लायसेंस प्रदान किया गया, मोबाईल मेडिकल युनिट द्वारा 37 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। महिला बाल विकास द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का रस्म निभाई गई। आयोजित शिविर में नपा जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी- राजस्व भ्लिाई -3 महेश सिंह राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, नायब तहसीलदार कुंदन शर्मा, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामप्यारी वर्मा, सीमा यादव, अश्वनी साहू, चुम्मन वर्मा, संजय देशलहरे, के राजू, पूर्व नपा उपाध्यक्ष हरीश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष भाजपा जामुल मंडल संजय शर्मा आदि सहित सुशासन तिहार 2026 जामुल नपा के नोडल अधिकारी सचिन भागवत, सहायक नोडल अधिकारी हरीश साहू सहित विभिन्न विभाग के ब्लॉक स्तर के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जामुल पालिका क्षेत्र में समस्या निवारण शिविर के तृतीय चरण का शिविर 19 मई मंगलवार को सुबह 9:00 से शाम 4:00 तक एसीसी मंगल भवन वार्ड नंबर 13 में आयोजित किया गया है। जिसमें वार्ड नंबर 08 वार्ड 11 वार्ड 12 वार्ड 13 वार्ड 14 एवं वार्ड 15 के निवासियों के लिए शिविर लगाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू ने उक्त वार्ड के नागरिकों से अपील किए हैं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपनी एवं अपने वार्ड की समस्याओ को जन समस्या निवारण क्षेत्र में रखें।

### सुशासन तिहार में उठी शराब दुकान खोलने की मांग, राजपुर-पगबंधी के आवेदन से मचा हड़कंप

**धमधा।** जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत ग्राम राजपुर में आयोजित सुशासन तिहार उस समय अचानक चर्चा का केंद्र बन गया, जब शिविर में शराब दुकान और शराब भट्टी खोलने की मांग से जुड़े आवेदन सामने आए। आमतौर पर ऐसे आयोजनों में सड़क, बिजली, पानी, पेंशन, राशन और किसान समस्याओं से जुड़े आवेदन पहुंचते हैं, लेकिन इस बार मामला अलग होने के कारण पूरे कार्यक्रम में हलचल मच गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने मंच से ही आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाकर शराब से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी मांगी। विधायक के सवाल पर आबकारी अधिकारी ने बताया कि विभाग को कुल दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें एक आवेदन ग्राम राजपुर तथा दूसरा ग्राम पगबंधी से मिला है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ये आवेदन शराब दुकान बंद कराने या शराबबंदी की मांग को लेकर नहीं, बल्कि गांव में शराब दुकान एवं भट्टी खोलने की मांग के समर्थन में



दिए गए हैं। यह जानकारी सामने आते ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई और मामला पूरे क्षेत्र में सुर्खियों में आ गया। मंच से विधायक ईश्वर साहू ने भी इस पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि यदि कहीं अवैध शराब बिक्री हो रही है तो लोग बिना डर प्रशासन को इसकी सूचना दें। विधायक के इस बयान के बाद माहौल और गंभीर हो गया। गौरतलब है कि धमधा क्षेत्र के कई गांवों में पूर्व में शराब दुकानों के विरोध में महिलाओं, ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों द्वारा आंदोलन किए जा चुके हैं। कई स्थानों पर शराबबंदी की मांग को लेकर प्रदर्शन भी हुए हैं। ऐसे माहौल में सरकारी सुशासन शिविर में शराब दुकान खोलने की मांग वाले आवेदन सामने आना सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। अब पूरे क्षेत्र में यह सवाल उठ रहा है कि गांवों में शराब के खिलाफ आवाज ज्यादा बुलंद है या फिर कुछ लोग शराब बिक्री को वैध रूप दिलाने की कोशिश में जुटे हैं।

## अंचल की खबरें

### प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुआ विदाई समारोह



**उतई।** प्रिज्म कॉलेज फार्मेसी में डी. फार्मा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह 'लम्हे 2026' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अत्यंत उत्साह, उमंग एवं भावनात्मक वातावरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेश कुमार गुप्ता चेयरमैन प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ख्याति साहू डायरेक्टर प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, डॉ. अंजना शरद प्राचार्य प्रिज्म स्कूल ऑफ एजुकेशन, डॉ . सीमा कश्यप प्राचार्य प्रिज्म कालेज ऑफ फ़ॉर्मेसी तथा ललित साहू प्राचार्य प्रिज्म आईटीआई उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें नृत्य, गीत, मनोरंजक गतिविधियां एवं विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डी. फार्मा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं महाविद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों को भी साझा किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सदैव प्रेरित रहने का संदेश दिया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय डी. फार्मा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। यह आयोजन प्रिज्म कॉलेज के व्याख्याता खिलेंद्र ठाकुर, बी. सिबानी पात्रा, कंचन चौधरी एवं चंचल साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट सहयोग, अनुशासन एवं टीमवर्क से कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया तथा डी. फार्मा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह "लम्हे 2026" सभी के लिए यादगार एवं प्रेरणादायक रहा।

### पेट्रोल पंप में लगा रेड रिबन, स्टॉक खत्म



**निकुम।** दुर्ग जिले के गांव देहात अंडा, अलबरस सहित निकुम में पेट्रोल पंप में स्टॉक नहीं नहीं है शहर में एक तरफ पेट्रोल डीजल के लिए हाहाकार मचा है, लंबी कतारें लगी हैं , वही गांव देहात में बुरा हाल है, पेट्रोल पंप में आम आदमी पेट्रोल पंप के चक्कर लगा रहे है, निकुम में अमृत फ्यूल्स निकुम में भी सुबह 2घंटे बाद स्टॉक ख़त्म हो गया है, जिसके कारण गांव से शहर रोजी मजदूरी, नौकरी पेशा सहित किसान, व्यापारी सभी परेशान हैं।

### पाटन में भी गहराया पेट्रोल संकट



**पाटन।** पाटन क्षेत्र इन दिनों पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत से जूझ रहा है। एक तरफ अधिकारी लगातार दावा कर रहे हैं कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है और सभी पेट्रोल पंपों पर सामान्य रूप से पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है, वहीं दूसरी ओर पाटन और आसपास के लोगों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। हालात यह हैं कि लोग घंटों पेट्रोल पंपों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन टंकियों में "नो पेट्रोल" का बोर्ड लटका मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक पाटन और आसपास करीब 7 पेट्रोल पंप संचालित हैं, लेकिन अधिकांश पंपों में पेट्रोल उपलब्ध नहीं है। बताया जा रहा है कि एक-दो पंपों में सुबह कुछ घंटों के लिए पेट्रोल दिया जाता है, उसके बाद दोपहर होते-होते सप्लाई बंद कर दी जाती है। इससे आम जनता में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब अधिकारी कह रहे हैं कि पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, तो आखिर पंपों में पेट्रोल क्यों नहीं मिल रहा? सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जिन्हें रोजमर्रा के कामों के लिए वाहनों की आवश्यकता पड़ती है। मरीजों को अस्पताल ले जाने से लेकर जरूरी दवाइयों की सप्लाई तक प्रभावित होने लगी है। एक गैरेज संचालक ने बताया कि डीजल नहीं मिलने से मेडिकल से जुड़ी कई गाड़ियां खड़ी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि "अगर किसी मरीज को अचानक दवाई की जरूरत पड़ जाए तो आखिर जिम्मेदारी कौन लेगा? मेडिकल सप्लाई तक बाधित हो रही है।" वहीं सोनपुर के एक किसान ने चिंता जताते हुए कहा कि खेती-किसानी का समय शुरू होने वाला है। ट्रैक्टर, पंप और अन्य कृषि उपकरण डीजल पर निर्भर हैं। ऐसे समय में डीजल की कमी किसानों के लिए बड़ा संकट बन सकती है। किसान ने कहा कि "अगर समय पर डीजल नहीं मिला तो खेती का पूरा काम प्रभावित होगा। अधिकारी सिर्फ बयान दे रहे हैं, लेकिन जमीन पर समस्या जस की तस बनी हुई है।" लोगों का आरोप है कि पेट्रोल पंपों में सुबह एक-दो घंटे ही पेट्रोल दिया जाता है और उसके बाद "लंच टाइम" या "स्टॉक खत्म" कहकर सप्लाई बंद कर दी जाती है। इससे लोगों में यह आशंका भी गहराने लगी है कि कहीं कृत्रिम संकट तो पैदा नहीं किया जा रहा। जनता अब प्रशासन से स्पष्ट जवाब और तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग कर रही है। पाटन में बढ़ते ईंधन संकट ने अब आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब भी "सब सामान्य" का राग अलाप रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### रुद्रांश का चयन नवोदय विद्यालय बोरई में

**सेलूद।** नवोदय विद्यालय बोरई में कक्षा छठवीं हेतु शासकीय प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद से रुद्रांश यादव का चयन हुआ है। परमानंद यादव एवं पुर्णिमा यादव के सुपुत्र रुद्रांश के चयन होने पर सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, पंच धनंजय साहु, सुकालू यादव, महेश, इंद्राणी वर्मा, संजय यादव और सुरेन्द्र कुर्रे ने हर्ष जताया है। प्रधान पाठक नीरा वर्मा,संकुल प्राचार्य एम. बी. बंजारे, संकुल समन्वयक योगेश साहु शिक्षक देवेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र ठाकुर, शिक्षिका वंदना सहित ग्रामीणों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### निधन

### शत्रुघन पटेल

**दुर्ग।** बैगा पारा दुर्ग (खोपली) निवासी शत्रुघन पटेल का निधन



शनिवार 16 अगस्त को दोपहर में हो गया। वे किशन पटेल के ज्येष्ठ पुत्र, नवीन पटेल, कविता, गीता, योगिता के पिता एवं पत्रकार देवेंद्र पटेल के फुफेरे भाई थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज एवं मित्र जन शामिल हुए।

### वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

ग्राम गुरेदा (डगनिया) में वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर पूजा स्थल पहुंचीं और विधि-विधान से वट सावित्री व्रत का पालन किया। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा तथा अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने पूजा सामग्री, फल-फूल और सुहाग की वस्तुएं अर्पित कर कथा श्रवण भी किया।



ग्राम में धार्मिक और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने एक-दूसरे को वट सावित्री व्रत की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों के अनुसार यह पर्व भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हर वर्ष श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का पेट्रोल पम्प में प्रदर्शन

**ओखरा (मुरमुन्दा)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में स्थानीय पेट्रोल पम्प में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से जनता पूरी तरह से त्रस्त है। ऐसे समय जहां खेत की जुताई के लिए डीजल नहीं मिल रहा है और बढ़ती कीमत के कारण बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान आम लोगों ने बताया कि सीमित मात्रा में पेट्रोल दिया जा रहा है। इस अवसर पर हीरा वर्मा उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण, उषा सोनी जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, नारधा मंडल अध्यक्ष सुमन साहू,अशोक आडिल,जगदीश मारकंडे, उमेश बंजारे,योगेश टिकरिया ब्लॉक उपाध्यक्ष, धरम बर्रे ब्लॉक महामंत्री, हेमंत साहू युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष, पंकज सिकट सचिव ब्लॉक एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### विकसित भारत संकल्प अभियान आमटी में जुटे कृषि अधिकारी और ग्रामीण

# प्राकृतिक खेती पर दिया जोर, उन्नत खेती के गुर बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

ग्राम पंचायत आमटी में विकसित कृषि संकल्प अभियान यात्रा के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा और कृषि विभाग दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के अधिकारियों और किसानों के बीच सीधी परिचर्चा से कृषि समस्याओं का निराकरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती पर जोर दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक व डॉ गड़पायले ने पशुपालन पर जोर दिया और पशु प्रबंधन, दुध व बीमारियों व रोग निदान संबंधी जानकारी दी गई।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्रोफेसर मंजूषा राजपूत ने फसलों पर कीट प्रबंधन संबंधी जानकारी दी साथ ही कृषि विभाग के ब्लॉक ए डी ओ खोब्रागड़े ने प्राकृतिक खेती संबंधी जोर दिया। जिसके



रासायनिक खाद व पेस्टिसाइड के विकल्प के लिए जीवामृत, डीकंपोजर व जैविक कीट नियंत्रक कीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र का उपयोग की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख रूप से दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी , पंचायत सचिव उत्तम देशमुख, कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दिव्या चंद्राकर, कृषि मित्र अशोक कुमार चौधरी, ग्राम पंचायत आलबरस के सरपंच भुवन लाल देशमुख, अशोक हरमुख कृषि मित्र आलबरस, ग्राम आमटी के कृषक गन अशोक साहू, उमेंद यादव, बलराम साहू, तुलेश साहू, कन्हैया चौधरी, खेलेंद्र चौधरी, चेलेंद्र चौधरी, हिरमनी वर्मा, सोनिया साहू और पालेश्वर साहू उपस्थित थे।



### डुंडेरा की बेटी यामिनी की शानदार सफलता

**उतई।** डुंडेरा निवासी उदयकरण साहू व लक्ष्मी साहू की सुपुत्री यामिनी साहू ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93% अंक प्राप्त कर परिवार, ग्राम एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने यामिनी साहू के निवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, चंदूलाल गायकवाड़, जीनत साहू, मनहरण साहू, लोमन सोनी, मोनू तिवारी, योगेश फेकर उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों




की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
ग्रंथों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# डीपीई की गाइड लाइन के अनुसार हो पेंशन सुधार, वेतन विसंगति और दुर्घटनाओं पर लगे अंकुश

## सेल के सीएमडी से सेफी के प्रतिनीधि मंडल ने की अफसरों की लंबित समस्याओं के निदान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील एक्जीक्यूटिव्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सेफी) सेल के नए सीएमडी डां. अशोक पंडा से भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल की सभी यूनिटों के आधिकारियों की लंबित समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है। पेंशन व सेवानिवृत्त लाभ, पीआरपी के भुगतान और यूनिटों में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने का आग्रह किया। सेल चेयरमेन ने आश्वासन दिया है।

सेफी के चेयरमेन एनके बंछोर की अगुवाई में वाईस चेयरमेन नरेंद्र सिंह और महासचिव संजय आर्य के प्रतिनिधि मंडल न दिल्ली में डां. पंडा से मिलकर सेल के अधिकारियों के विभिन्न लंबित मुद्दों चर्चा की तथा सेल के उत्कृष्ट व सुरक्षित निष्पादन के लिए आवश्यक सुझाव व निदान की मांग की। श्री बंछोर ने बताया कि डायरेक्टर (पर्सनल) केके सिंह से टाउनशिप की समस्याओं व सेल के ईडी (एचआर) राजीव पाण्डेय व सीएमडी डां. पंडा से सेल कर्मियों के लंबित मुद्दों के जल्द हल की मांग की। इसके तहत

पेंशन सेवानिवृत्ति लाभ पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार 30 प्रतिशत सेवानिवृत्ति लाभों को लागू करने व पेंशन योगदान 9 प्रतिशत से कम होने की बजाए बिना किसी वित्तीय उतार-चढ़ाव के निश्चित योगदान व्यवस्था की बहाल करने का आग्रह किया। वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए 2 प्रतिशत वृद्धिशील पीआरपी की मांग दोहराई पर सीएमडी ने डॉ. अशोक कुमार पंडा ने जल्द भुगतान का आश्वासन दिया।

### सेल मेडिक्लेम में हो सुधार

सेफी के सेल मेडिक्लेम पालिसी व ओपीडी/आईपीडी सीमाओं को बढ़ाने और कॉरपोरेट बफर में सुधार की मांग पर भी जल्द योजना लाने का आश्वासन मिला। बंछोर ने मांग की कि कैरियर उन्नति और सीडीए नियम ई 6 और ई 7 स्तर के अधिकारियों के लिए पीईएसबी के अवसरों को मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। सेल के सीडीए नियमों के नियम 4.0(3) का उपयोग स्थापित विभागीय जांच या सतर्कता जांच के विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि केवल वास्तविक सार्वजनिक हित में विवेकपूर्ण तरीके से होना चाहिए।



### जेओ पेअनामली का करें निदान

जेओ पे-अनामली एवं नोशनल सीनियारिटी पर चर्चा - सेफी ने जेओ-2008-10 बैच के पे-अनामली तथा जेओ-2018 बैच के नोशनल सीनियारिटी पर शीघ्र निराकरण व सेल की यूनिटों में घातक दुर्घटनाओं को नियंत्रिकर करने की अपील की। सेल के राजस्व बढ़ाने धार्मिक संस्थाओं/शैक्षणिक संस्थाओं एवं अन्य प्रतिष्ठानों के लंबित लीज नवीनीकरण को एक समुचित व व्यवहारिक दर से करने कहा। इसके अलावा सेल के अतिरिक्त संसाधनों खाली पड़े मकानों तथा खाली पड़ी जमीनों को लीज व लाइसेंस पर देने की मांग की।

## खबर संक्षेप



### पुलिस चेकिंग में आधा दर्जन युवक पकड़े गए

**भिलाई।** मुस्लिम समाज दुर्ग द्वारा आयोजित उर्स कार्यक्रम में रात के समय अत्यधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बेहतर किया गया। इस दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग चेकिंग लगातर चल रही थी। कोतवाली, मोहन नगर व पदमनाभपुर पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओम नगर उरला निवासी ऋषि यादव, छुरिया बाजार चौक छुरिया राजनांदगांव तुषार अग्रवाल, सोनार पारा राजनांदगांव शेखर नामदेव, आमापारा नया गांव, जिला धमतरी मोह. अबरार, अपचारी बालक और पदमनाभपुर पुलिस ने कैम्प 1 निवासी गुरप्रीत सिंह, न्यू कर्तिन नगर सुपेला विक्की गायकवाड को पकड़ा गया है। युवकों के पास से 7 धारदार हथियार जब्त किया गया है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं धार्मिक आयोजनों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

### घुघवा शिविर में कई प्रकरणों का समाधान

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में लोगों के लिए समाधान का केंद्र बन रहा है। जिन समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे।

## फूड सेफ्टी पर बड़ा सवाल, जांच में पास, फिर बाजार में मिलावटी सॉस कैसे?

# स्वाद के नाम पर सेहत से खिलवाड़, दुर्ग जिले में धड़ल्ले से बिक रहा मिलावटी टोमेटो सॉस

### कार्रवाई नहीं होने से विभागीय अधिकारियों पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में फास्ट फूड के साथ परोसे जाने वाले टोमेटो सॉस द्वारा लोगों के स्वास्थ्य के साथ धड़ल्ले से खिलवाड़ किया जा रहा है। चाऊमिन, एगरोल, मोमोज और अन्य फास्ट फूड सेंटरों में लोगों को स्वाद के नाम पर कथित तौर पर केमिकल युक्त टोमेटो सॉस परोसा जा रहा है। आरोप है कि इस सॉस का निर्माण जिले में लाइसेंस लेकर संचालित कुछ फैक्ट्रियों में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और फिर इसे प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों तक सप्लाई किया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक जिले में कुछ छोटे निर्माण यूनिट बिना मानकों का पालन किए सॉस तैयार कर रहे हैं। इसके बावजूद अब तक किसी बड़ी कार्रवाई का सामने नहीं आना विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि खाद्य एवं औषधि विभाग का दावा इससे बिल्कुल उलट है। विभाग का कहना है कि पूर्व में जिन कंपनियों के सॉस के सैंपल लिए गए थे, उनकी जांच रिपोर्ट में गुणवत्ता सही पाई गई थी। अब सवाल यह उठ रहा है कि यदि जांच में सब कुछ सही मिला, तो बाजार में बिक रहे सॉस के स्वाद, रंग और गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें क्यों सामने आ रही हैं। सॉस निर्माण इकाइयों से सैंपल लेकर स्वतंत्र लैब में परीक्षण कराया जाए, ताकि लोगों की सेहत के साथ हो रहे खिलवाड़ की सच्चाई सामने आ सके।






### हरिभूमि की टीम पहुंची सॉस फैक्ट्री, अंदर जाने से रोका, दरवाजे किए बंद

दुर्ग जिले में कथित केमिकल युक्त टोमेटो सॉस के कारोबार को लेकर जब हरिभूमि की टीम पड़ताल करने भिलाई के फरीद नगर सुपेला स्थित सॉस निर्माण कंपनी पहुंची, तो वहां का नजारा कई सवाल खड़े करने वाला था। टीम को देखते ही फैक्ट्री कर्मचारियों ने आनन-फानन में मुख्य दरवाजे बंद कर दिए और किसी को भी अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। फैक्ट्री संचालक से संपर्क करने की कोशिश की गई। वहीं फैक्ट्री के कर्मचारियों से जब पूछा गया कि सॉस निर्माण में किन खाद्य पदार्थों का उपयोग किया जाता है, तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया। सवाल यह उठ रहा है कि यदि सब कुछ नियमों के तहत और मानकों के अनुसार हो रहा है, तो फिर जानकारी साझा करने से आखिर परहेज क्यों किया जा रहा है?

### भारी मात्रा में कृत्रिम कलर और केमिकल मिलाए जाने का आरोप

स्थानीय लोगों और खाद्य सामग्री की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि इन सॉसों को चखते ही उनमें मिलावट और केमिकल की मात्रा का अंदाजा लगाया जा सकता है। आरोप है कि टोमेटो सॉस बनाने में वास्तविक टमाटर की जगह दूसरे खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि रंग और स्वाद बढ़ाने के लिए भारी मात्रा में कृत्रिम कलर और केमिकल मिलाए जा रहे हैं।

### गंभीर बीमारियों का खतरा

कृत्रिम कलर और केमिकल वाले सॉस स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। खासकर बच्चे और युवा बड़ी संख्या में ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। लंबे समय तक केमिकल युक्त खाद्य सामग्री खाने से पेट, लिवर, कैंसर जैसी अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

**डॉ. शिखर अग्रवाल,** प्रभारी, पीएचई भिलाई-3

### दो कंपनी संचालित

जिले में दो सॉस निर्माण कंपनी वाले संस्था संचालित है। फरीद नगर स्थित जीएफ फूड्स प्रोडक्ट्स कंपनी के सॉस जांच में सही पाई गई है। शिकायत मिलने पर आगे भी जांच की संभावना है।

**जितेन्द्र नेले,** अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग दुर्ग

# कैलाश नगर में अवैध कब्जे पर आक्रोश, 10 फीट रोड पर कब्जा कर तान दी बिल्डिंग, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्गत वार्ड 21 में आसमान छूते जमीन के रेट के साथ ही अवैध कब्जा कर निर्माण करने का खेल काफी तेज से चल पड़ा है। निगम और राजस्व अधिकारियों की अनदेखी के चलते भू-माफिया न सिर्फ खाली प्लॉट और जमीन पर

- निगम अतिक्रमण पर नहीं दे रहा ध्यान

कब्जा कर रहे हैं, बल्कि लेआउट कटी पॉश कालोनी में रोड की जमीन घेरकर बिल्डिंग तान दे रहे हैं। इसकी शिकायत वार्ड 21 अरिहंत ट्रेडर्स के पीछे गली के लोगों ने कलेक्टर दुर्ग और तहसीलदार भिलाई से की है।

मामला कैलाश नगर वार्ड क्रमांक 21 अरिहंत ट्रेडर्स के पीछे वाली गली का है। यहां जाने वाला रास्ता 30 फिट चौड़ा है। यहां के निवासियों का आरोप है कि एक व्यक्ति ने रास्ते की 10 फिट जमीन को दबाकर रास्ते के ऊपर मकान का निर्माण कर दिया है। उसने जो घर बनाया उसके ऊपर से बिजली की लाइन तक टच करते हुए जा रही है, जो कभी भी बड़ा खतरा बन सकता है। इतना होने और इसकी शिकायत करने के बाद भी कई साल हो गए न तो निगम का एक भी अधिकारी कार्रवाई करने पहुंचा न राजस्व विभाग का। अब परेशान होकर इस अवैध निर्माण और सरकारी रास्ते पर कब्जे को लेकर मोहल्ले के लोगों ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। त्रस्त मोहल्लेवासियों ने दुर्ग जिला कलेक्टर और अतिरिक्त तहसीलदार को शिकायत देकर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। मोहल्ले के लोगों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस अवैध निर्माण पर रोक नहीं लगाई गई, तो उस रोड से आवागमन पूरी तरह ठप किया जाएगा।



### 30 फीट के मुख्य रास्ते को 10 फीट घेरने का आरोप

कलेक्टर और तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में मोहल्लेवासियों ने बताया कि उनके आने-जाने के लिए 30 फीट चौड़ा रास्ता है। उनके मकान के समीप रहने वाले मोहम्मद सलामत अली ने उस रास्ते में से 10 फीट जगह को जबरन घेरकर वहां बिल्डिंग खड़ी कर दी और वर्तमान में वहां दूसरी बिल्डिंग का निर्माण कर रहा है।

### पूर्व में भी नियमों को ताक पर रखने का दावा

शिकायत के अनुसार सलामत अली पर पहले भी अपने वास्तविक क्षेत्र से अधिक जमीन पर अवैध रूप से मकान और दुकान का निर्माण करने का आरोप है। निवासियों का कहना है कि यदि नियमानुसार इस व्यक्ति से भूमि के स्वामित्व और निर्माण से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे जाएं, तो वह इन्हें प्रस्तुत करने में पूरी तरह असमर्थ रहेगा। दस्तावेज न होने के बावजूद उसके द्वारा निर्माण कार्य और कब्जा लगातार जारी है, जिससे पूरे मोहल्ले के नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### मोहल्लेवासियों की प्रमुख मांगें

- विवादित स्थल का तत्काल प्रशासनिक निरीक्षण किया जाए।
- 30 फीट के सार्वजनिक रास्ते को यथावत बनाए रखने के लिए अवैध कब्जे को तुरंत हटाया जाए।
- संबंधित व्यक्ति को मकान और दुकान के निर्माण से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे जाएं।

# भिलाई तीन के उर्स पाक में भारी वाहनों के लिए ट्रैफिक डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उर्स पाक का कार्यक्रम भिलाई तीन में चार दिवसीय आयोजन है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने डबरापारा से सिरसा गेट चौक मार्ग पर भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया है। आयोजन भिलाई तीन स्थित मजार में 17 से 20 मई तक होगा। ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। आयोजन अवधि के दौरान रात में डबरापारा से सिरसागेट चौक तक दोनों ओर से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सिरसा गेट चौक से भारी वाहनों को उमदा मार्ग की ओर तथा डबरापारा से भारी वाहनों को हथखोज मार्ग की ओर डायवर्ट होगा।

- पहुंचने वाले श्रद्धालुओं, आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक व्यवस्था

कार्यक्रम में पहुंचने वाले आम नागरिकों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है। भिलाई,पावर हाउस की ओर से आने वाले वाहनों के लिए बिजली ऑफिस दशहरा मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सिरसागेट चौक, कुम्हारी की ओर से आने वाले वाहनों के लिए भिलाई तीन रेलवे स्टेशन पार्किंग,राम मंदिर परिसर में पार्किंग व्यवस्था है। आयोजन के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों, मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।




# निगम अधिकारियों ने साइकिल से किया दौरा सफाई और सुलभ शौचालयों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और जमीनी हकीकत जानने के लिए नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पहल की। स्वास्थ्य अधिकारी और जनसंपर्क अधिकारी के नेतृत्व में पूरी टीम ने किसी सरकारी वाहन के बजाय साइकिल से बैकुंठधाम वार्ड का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान टीम ने वार्ड का मुख्य मार्गों के साथ-साथ तंग गलियों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था और सुलभ शौचालयों की स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से जावेद अली स्वास्थ्य अधिकारी, तिलेश्वर साहू जनसंपर्क अधिकारी, वीरेंद्र बंजारे सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, भोला साहू पार्षद प्रतिनिधि एवं सुपरवाइजर विनोद सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### इन क्षेत्रों का निरीक्षण

साइकिल से भ्रमण करते हुए निरीक्षण दल ने क्षेत्र में स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने शौचालय में पानी की उपलब्धता, लाइटिंग और नियमित सैनिटाइजेशन की स्थिति को देखा। उन्होंने सफाई सुपरवाइजर को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैकुंठधाम तालाब में बारिश पूर्व चल रहे सफाई व्यवस्था का पूरी टीम ने निरीक्षण किया, सफाई कार्य लगातार जारी है। कचरा लेने हेतु घरों में जाने वाले रिक्शा का समय प्रबंधन एवं समय सारणी चेक किया गया। सभी रिक्शा को जीपीएस से मॉनिटरिंग करने की कोशिश की जारी है जिससे समय पर सभी घरों में पहुंचा जा सके। घरों से निकलने वाले कचरे का पृथक्करण करके दिए जाने हेतु चेक किया गया।

### कचरा अलग करने लोगों से की अपील

निगम प्रशासन द्वारा कचरा पृथक्करण के संबंध में आम नागरिकों से लगातार अनुरोध किया जा रहा है किंतु अभी भी ज्यादातर शहरवासी गीला और सूखा कचरा पृथक नहीं करते हैं। कचरा अलग-अलग नहीं करने की गलती के लिए बड़ी पेनल्टी लगेगी अतः सभी सावधान रहें। दौरे के दौरान पार्षद प्रतिनिधि भोला साहू की मौजूदगी में अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से भी मुलाकात की और उनसे सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया। नागरिकों ने अधिकारियों को अपनी समस्याएं रखीं, जिसके त्वरित निराकरण के लिए सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे को जिम्मेदारी सौंपी गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए इस तरह के औचक और जमीनी निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

### धारदार हथियार लेकर धमकाने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर शुलभ के पास कैम्प-1 भिलाई में एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को धमका रहा था। छावनी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी योगेश भारती को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने लोहे का धारदार तलवार नुमा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## जिले में 16 मार्च से 14 मई तक कुल 1759 बालिकाओं को लगाए गए टीके

# एचपीवी टीकाकरण में दो अस्पतालों ने मारी सेंचुरी, सुपेला सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। 16 मार्च से 14 मई तक कुछ अस्पतालों ने शानदार प्रदर्शन किया। दो अस्पतालों में सौ के आकड़े पार कर दिए जबकि निकुम ब्लाक अंतर्गत आने वाले कचांदुर स्थित सीसीएम मेडिकल कॉलेज में दो माह से चलाए जा रहे अभियान के दौरान मात्र 6 बालिकाओं को एचपीवी टीके लगाए गए।

- दो माह में मेडिकल कॉलेज में लगे मात्र 6 टीके

16 मार्च से 14 मई तक चले एचपीवी टीकाकरण अभियान में जिलेभर के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 1759 टीकाकरण किए गए। सबसे अधिक 140 टीकाकरण सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई में हुए। इसके बाद यूपीएचसी बघेरा में 106, यूपीएचसी पोटियाकला में 99 और सीएचसी पाटन में 91 लोगों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। एचडब्ल्यूसी हनोदा में 88 तथा यूपीएचसी धामधनाका में 85 टीकाकरण दर्ज किए गए। धमधा के सीएचसी अहिवारा और जिला अस्पताल दुर्ग में 76-76 टीकाकरण हुए, जबकि पुराने सीएचसी धमधा में 74 और पीएचसी नागपुरा में 68 टीके लगाए गए। सीएचसी कुम्हारी में 67, यूपीएचसी भिलाई-3 में 66, यूपीएचसी बैकुंठधाम में 65 तथा सीएचसी उतई और सीएचसी निकुम में 61-61 टीकाकरण किए गए। यूपीएचसी टंकी मरौदा में 60 और सीएचसी बोरी में 59 टीके लगाए गए। सीएचसी जीट में 49, यूपीएचसी खुर्सीपार में 48 और यूपीएचसी चरौदा में 46 टीकाकरण हुए। जेएलएनएच सेक्टर-9 में 37, पीएचसी जेवरा में 29, सुरडुंग पीएचसी में 27 तथा पीएचसी रंताराई में 26 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। पीएचसी नंदकाठी और गाड़ाडीह में 21-21, पीएचसी रसमड़ा में 18, पीएचसी मुरमुंदा में 16 और पीएचसी पेंड्रावन व यूपीएचसी छावनी में 15-15 टीकाकरण दर्ज किए गए। वहीं पीएचसी दरगांव में 13, यूपीएचसी कोसानगर भिलाई में 12, पीएचसी पुरेना और यूपीएचसी कोहका में 9-9 टीकाकरण हुए। सबसे कम 6 टीकाकरण सीसीएम मेडिकल कॉलेज कचांदूर ओपीडी में दर्ज किए गए।





02



डॉ. उत्कर्ष ने एम्स दिल्ली से...

लाइव इवेंट

## बेसहारा बुजुर्गों के चेहरे पर लौटी मुस्कान सर्व समाज संगठन ने बांटी खाद्य सामग्री



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा सेक्टर-2 भिलाई स्थित आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्था वृद्ध आश्रम में निवासरत बेसहारा वृद्धजनों के लिए खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने करीब 50 बुजुर्गों को राशन व जरूरी खाद्य सामग्री सौंपकर उनका आशीर्वाद लिया और आगे भी समय-समय पर सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। इस सेवा कार्य में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव के नेतृत्व में ब्रह्मदेव पटेल, संत कुमार केसकर, लखन लाल साहू, भोजराम डढ़सेना, विजय रात्रे, सुमित्रा रात्रे, रमेश साहू, कृष्ण कुमार पाटिल, भानु प्रताप यादव, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, बेनी राम बघेल, अनिल खेलवार, रमाकांत अजगले, अशोक साहू सहित समिति के सदस्यगण प्रमुख रूप से शामिल हुए। सभी ने मिलकर बुजुर्गों को सामग्री वितरित की और उनका हालचाल जाना। संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए संगठन आगे भी इसी प्रकार समय-समय पर सहयोग करता रहेगा। बुजुर्गों ने संगठन के इस पहल की सराहना करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। सेवा भाव से किए गए इस कार्य से आश्रम का माहौल भावुक हो गया। बुजुर्गों के चेहरों पर आई मुस्कान देखकर सभी सदस्यों जल्दी ही मिलने की बातें कही।




● भजन सम्राट संजय मित्तल के भजनों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

# हारे के सहारे, खाटू वाले बुला रहे.. की गूंज से श्याम मय हुई धर्म नगरी, भव्य दरबार, छप्पन भोग लगाकर हुई इत्र व फूलों की वर्षा

**भिलाई। धर्म नगरी दुर्ग की फिजा पहली बार पूरी तरह श्याम रंग में रंगी नजर आयी। खाटू श्याम ज्योतिषी संदीप शास्त्री एवं परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्याम भजन संध्या में देश के नामचीन गायकों ने ऐसा भक्ति रस घोला कि आधी रात के बाद भी पंडाल खचाखच भरा रहा। यह दुर्ग में श्याम बाबा का पहला ऐसा आयोजन रहा जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से श्याम प्रेमी उमड़ पड़े।**





कार्यक्रम का आगाज दिल्ली की प्रसिद्ध भजन गायिका ममता चौधरी की सुरीली आवाज से हुआ। उनके भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। इसके बाद राजस्थान से आए प्रेम शर्मा ने मंच संभालते ही माहौल में श्याम रंग घोल दिया। हारे हारे हारे तुम हारे के सहारे की धुन पर पूरा पंडाल एक स्वर में गूंज उठा। गजब मेरे खाटू वाले पर महिलाओं ने घूम-घूमकर नृत्य किया और बाबा के जयकारे लगाए।

### दिल्ली-राजस्थान के गायकों ने बांधा समां





### भव्य दरबार, छप्पन भोग और इत्र-फूलों की वर्षा

आयोजक संदीप शास्त्री ने बताया कि गर्मी को देखते हुए पूरे पंडाल में पानी की बॉटल की व्यवस्था की गई थी। साथ ही सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी भी रखी गई थी। जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग में पहली बार इतने बड़े स्तर पर श्याम भजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भव्य दरबार सजाया गया था। बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। भजनों के बीच-बीच में फूलों की वर्षा और प्रिय इत्र की वर्षा से वातावरण महक उठा। देर रात खाटू श्याम बाबा की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### संजय मित्तल के भजनों पर नम हुई आंखें

भजन संध्या में कलकत्ता से आये भजन सम्राट संजय मित्तल के भजन मुख्य आकर्षण रहे। जैसे ही उन्होंने मैं जो कुछ हूं जैसा भी हूं.... से शुरुआत की, पूरा माहौल श्याम मय हो गया। जब उन्होंने खाटू बुला रहा है कृपा नहीं तो क्या है..सहित ऐसे भावुक भजन छेड़ा कि पंडाल में मौजूद हर भक्त की आंखें नम हो गईं। घेला भजन के माध्यम से उन्होंने सुनाया कि कैसे खाटू वाले की कृपा से एक बेकाम, नाकारा व्यक्ति भी अमीर बन जाता है। इसके बाद तेरे संग जीना यहां, तेरे चरणों में मर जाए पर बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक भाव-विभोर होकर रो पड़े। पूरी भजन संध्या में निर्मल म्यूजिशियन ग्रुप ने सधी हुई संगत दी।



### दिग्गजों का लगा जमावड़ा समितियों ने दी सेवा

इस आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडेय, महापौर अलका बाघमार, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



लाइव इवेंट

## छाछ और पानी का किया वितरण राहगीरों को मिली राहत



**भिलाई।** रोज बढ़ रही भीषण गर्मी में मानव सेवा करते हुए आर्य समाज भिलाई द्वारा जलदान सेवा अभियान का संपन्न किया। इस दौरान दुर्ग भिलाई के चौक चौराहों और रेलवे स्टेशन व सार्वजनिक स्थलों पर यात्रियों, श्रमिकों और जरूरतमंदों को ठंडा पानी, छाछ, बिस्किट, नमकीन एवं फलाहार वितरित कर समाजसेवा का संदेश दिया गया। सेक्टर-6 द्वारा संचालित जल दान सेवा कार्य निरंतर जनसेवा का माध्यम बनता जा रहा है। इसके तहत रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सैकड़ों जरूरतमंदों, राहगीरों, श्रमिकों और यात्रियों को ठंडा पानी, मदर डेयरी की छाछ, बिस्किट, नमकीन और फलाहारी सामग्री वितरित की गई। इस जनहितकारी अभियान में डॉ. अजय कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा, परोपकार और समाज कल्याण सर्वोच्च धर्म हैं। उन्होंने कहा कि जलदान, अन्नदान और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्य केवल सामाजिक उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि आत्मिक संतोष का माध्यम भी हैं। उन्होंने युवाओं से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी आवश्यक है। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि सेवा केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच से सफल होती है। गर्मी के मौसम में प्यासे और जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंचाना मानवता की सच्ची सेवा है।




## वट सावित्री पर्व पर सुहागिनों ने की पूजा पौधों वाली डॉक्टर ने भेंट किया साउंड सिस्टम

**भिलाई।** वट सावित्री व्रत पूजा के अवसर पर वार्ड क्रमांक 24 आमदी राम मंदिर क्षेत्र स्थित श्री गहिरा गुरु धाम यादव सांस्कृतिक भवन में धार्मिक उल्लास छाया रहा। सर्व समाज की सुहागिन महिलाओं ने जय मां बम्लेश्वरी बाल उद्यान में लगे वट वृक्ष का विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर अखंड सौभाग्य की कामना की। इसके बाद यादव सांस्कृतिक भवन में जगतगुरु भगवान श्री कृष्ण की आदम कद प्रतिमा का भी पूजन किया गया। यहां प्रत्येक माह आयोजित होने वाली एकादशी व्रत पूजा में भजन-कीर्तन के लिए गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. मानसी गुलाटी ने साउंड सिस्टम यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला दुर्ग की महिला पदाधिकारियों को भेंट किया।

### भजन-कीर्तन के लिए मिली नई सुविधा

यादव सांस्कृतिक भवन में प्रत्येक माह आयोजित होने वाली एकादशी व्रत पूजा में भजन-कीर्तन को और सुमधुर बनाने के लिए साउंड सिस्टम की काफी जरूरत महसूस हो रही थी। इसलिए डॉ. गुलाटी ने साउंड सिस्टम यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला दुर्ग की महिला पदाधिकारियों को सौंपा गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को सुविधाजनक बनाना समाज सेवा का ही हिस्सा है।



### तेंदुसार फुलैता व खुरमी से हुआ सम्मान

इस मौके पर यादव समाज की महिलाओं ने डॉ. मानसी गुलाटी का पारंपरिक तेदुसार फुलैता व यादव खुरमी पहनाकर आत्मीय स्वागत-सम्मान किया। महिलाओं ने इस सहयोग के लिए आभार जताया। इस अवसर पर करुणा यादव, मीना यादव, रामप्यारी राजपूत, तन्नू श्री, शीतल गौतम, मानसी श्रीवास्तव, शिमा सोनी, गायत्री पांडेय, वंदना कौर, सत्ती तिवारी, शोभा, संतोषी, संतोष व तनिष्क यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व समाज के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा।

## विद्यार्थियों को दी गई साइबर सुरक्षा और बीएनएस कानून की जानकारी



**दुर्ग।** चिखली स्थित चिकित्सा और शैक्षणिक संस्थान एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोर्से के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मार्कशीट वितरण और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल व सायबर सेल से डॉ. संकल्प रॉय शामिल हुए। संस्थान में विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों जैसे ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन और पैथोलॉजी लैब टैक्नीशियन के 79 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। पैथोलॉजी के 20 छात्र-छात्राएं, एक्स-रे टेक्नीशियन में 30 और ऑपरेशन थिएटर टेकनीशियन में 30 छात्र- छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इसमें पैथोलॉजी में प्रथम ईशा राठौड़, द्वितीय नीलम झांडगे, तृतीय ओमेश्वरी साहू रहे। इसी तरह ओटी तकनीशियन में प्रथम गोवर्धन पटेल, द्वितीय डॉली जंघेल, तृतीय देवनारायण और एक्स-रे तकनीशियन प्रथम- भूपेश चंद्राकर, द्वितीय पूरनलाल, तृतीय देवेन्द्र कुमार को प्रमाणपत्र दिया गया। संस्थान के चेयरमैन संजय तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मार्कशीट वितरण के साथ ही कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्टाफ को साइबर सुरक्षा और बीएनएस कानून की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. केके जैन जनरल मेडिसीन, डॉ. वाईके शर्मा जनरल सर्जन, डॉ. विश्वामित्र दयाल बर्न एन्ड पलास्टिक सर्जन, डॉ. विनीता धुर्वे ग्यानकोलॉजिस्ट, डॉ. दिनेश क्षत्रिय, डॉ. पूजा ग्यानकोलॉजिस्ट, विजय गवांडे आदि मौजूद थे।

हिंदू मिलन मंदिर में देर रात तक गूंजती रहीं राधा-कृष्ण प्रेम और भक्ति की मधुर स्वर लहरियां

कार्नर न्यूज

## भानुसिंहेर पदावली की संगीतमय प्रस्तुति ने बांधा समां, गूंजती रहीं भक्ति की स्वर लहरियां, राधा-कृष्ण प्रेम में डूबे दर्शक

**भिलाई।** हिंदू मिलन मंदिर रिसाली में शनिवार संध्या विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की अमर कृति भानुसिंहेर पदावली पर आधारित संगीतमय नृत्य-नाटिका ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक भावनाओं के सागर में गोते लगाते रहे। खचाखच भरे सभागार में संगीत, नृत्य और भक्ति की मधुर स्वर लहरियां गूंजती रहीं। समापन तक पूरा वातावरण आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य संरक्षक स्वामी शिवरूपानंद, अतिथि पवन कुमार, प्रबीर सरकार, प्रणब सेनगुप्ता, शक्तिपद चक्रवर्ती, गोपाल सामंतो तथा अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन और गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा सभागार भक्तिमय वातावरण और तालियों की गूंज से मुखरित हो उठा।

### राधा-कृष्ण के विरह-मिलन को कलाकारों ने किया जीवंत

हिंदू मिलन मंदिर के सचिव सुभाष साहा के नेतृत्व तथा सांस्कृतिक सचिव श्रौती साहा घोष के कुशल सांगीतिक निर्देशन में इस अभूतपूर्व नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम,



विरह, मिलन और पुनर्मिलन की भावनाओं को अत्यंत जीवंत एवं मार्मिक ढंग से मंच पर उतारा। राधा की विरह-वेदना और कृष्ण के प्रति अथाह प्रेम को कलाकारों ने सजीव अभिनय, मनमोहक मुद्राओं और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से इस तरह पेश किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

### मुरली की अदा पर झूमा सभागार, सखियों के संवाद बने आकर्षण

नृत्य-नाटिका के दौरान कभी राधा की आंखों में छलकती पीड़ा ने दर्शकों को भावुक कर दिया, तो कभी कृष्ण की चंचल मुस्कान, मुरली की मोहक अदा और आनंदमयी भाव-भंगिमाओं ने सभागार में उल्लास भर दिया। सखियों के संवाद, प्रेम की कोमल अनुभूतियां तथा पुनर्मिलन के दृश्यों में कलाकारों की मुख-मुद्राएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। गायक कलाकारों की मधुर, आत्मीय एवं भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### सुर-ताल के समन्वय ने छुआ दिल

सुर, ताल और भावों ने दर्शकों भाव-विभोर कर दिया। प्रत्येक गीत के साथ दर्शक भावनाओं की अलग दुनिया में खोते चले गए। कई अवसरों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और पारंपरिक वेशभूषा ने प्रस्तुति को और अधिक आकर्षक बना दिया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय और संगीत की मधुरता ने दर्शकों को बंगाल की वैष्णव भक्ति परंपरा तथा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की काव्य-संवेदना से जोड़ दिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने कलाकारों की सराहना की और इसे भिलाई की सांस्कृतिक चेतना को समर्पित एक अविस्मरणीय प्रस्तुति बताया।



**सिटी इवेंट**

## सेवानिवृत्त सदस्यों का शॉल और श्रीफल से किया सम्मान



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-6 ने अपने सेवानिवृत्त सदस्यों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें माह अप्रैल अथवा उसके पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से निवृत्त हुए सदस्यों को ससम्मान विदाई दी गई।

- कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-6 का विदाई समारोह

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोसायटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने सेवानिवृत्त सदस्यों का शॉल और श्रीफल से सम्मान कर सोसायटी में जमा उनकी निधियों का खातादेय चेक प्रदान किया। इस दौरान मिश्र ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ,सुखमय एवं समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की। ज्यादातर कर्मियों ने बीएसपी में बिताया अपना सेवाकाल याद किया और सोसायटी के कामकाज को सराहा। इनमें मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल से महेश्वर प्रसाद, पावर सिस्टम से एन.के.सिंह, मेडिकल से रामेश्वर प्रसाद साहू,स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से विष्णुपद नंदी,सेवकराम साहू, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से राजकुमार सोनी, टेलीकम्युनिकेशन से अजय कुमार मार्टिन,ब्लास्ट फर्नेस से संदीप मुले,जी.ए. डी.से सुनीता बाई, बार एंड रॉड मिल से कुलेश्वर प्रसाद चंद्राकर, राजेंद्र कुमार ढाकरवाल, एलडीसीपी से जयंत कुमार, टाउन सर्विसेज से संतुराम तारम, रिफ्रैक्टरीज इंजीनियरिंग विभाग से विनोद कुमार दुबे, तोष कुमार, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से राजू मेश्राम, पूर्णचंद नवल किशोर और बुढ़ार कुमार ने कहा कि पूरे सेवाकाल में जब भी कोई आर्थिक जरूरत पड़ी तो सेक्टर-6 सोसाइटी से आसानी से ऋण मिल गया। इन रिटायर कर्मियों ने अपने पारिवारिक संस्मरण भी सुनाए और सोसाइटी की वजह से आकस्मिक पारिवारिक जरूरतों के दौरान सोसाइटी की पहल से मिली राहत का विस्तार से वर्णन किया। इन वरिष्ठ कर्मियों ने कहा कि यहां ऋण वितरण और डिविडेंड देने का सिस्टम बेहतरीन है। इस अवसर पर संचालक मंडल के उपाध्यक्ष अमिताभ वर्मा तथा सदस्य हरिराम यादव, नीरजा शर्मा, विनोद वासनिक, जे.के.गहिने और पवन साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रबंधक एम.मुरलीधर और आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सहायक चंचल प्रसाद तिवारी ने व्यक्त किया।

**एजुकेशन लाइव**

## डॉ. उत्कर्ष ने एम्स दिल्ली से एमसीएच की डिग्री की हासिल



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई में पले-बढ़े युवा सर्जन डॉ. उत्कर्ष धाबर्डे ने देश के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स नई दिल्ली से एमसीएच मिनिमल एक्सेस सर्जरी-रोबोटिक एंड एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की सर्वोच्च सुपर स्पेशलाइजेशन डिग्री डिस्टिंक्शन के साथ प्राप्त कर एक अनूठी उपलब्धि हासिल की।

भारत मंडपम में आयोजित एम्स दिल्ली के 51वें दीक्षांत समारोह में डॉ. उत्कर्ष धाबर्डे को यह उपाधि प्रदान की गई। इस भव्य समारोह में उपराष्ट्रपति के राधाकृष्णन तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगतप्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। देशभर के प्रतिभाशाली डॉक्टरों और विशेषज्ञों के बीच डॉ. उत्कर्ष की उपलब्धि विशेष आकर्षण का केंद्र रही। चिकित्सा जगत में सुपर स्पेशलाइजेशन की पढ़ाई अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। विशेष रूप से एमसीएच जैसी उच्च डिग्री में किसी प्रकार का आरक्षण नहीं होता, ऐसे में डॉ. उत्कर्ष धाबर्डे ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल कर किया है। वर्तमान में डॉ. उत्कर्ष धाबर्डे मुंबई स्थित प्रसिद्ध बॉम्बे हॉस्पिटल में रोबोटिक एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक जीआई एंड जनरल सर्जरी विभाग में कंसल्टेंट प्रमुख के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. उत्कर्ष के पिता डॉ. उदय वर्तमान में भिलाई स्टील प्लांट के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ और उनकी माता प्रेरणा धाबर्डे कला के क्षेत्र में एक जाना माना नाम है। डॉ उत्कर्ष की छोटी बहन डॉक्टर उन्नति भी एम्स रायपुर से ईएनटी में एम एस मास्टर की डिग्री हासिल कर चुकी हैं। डॉ उत्कर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता,पत्नी डॉ प्रियंका और गुरुजनों को दिया है।

## शिल्वी यादव को मिली पीएचडी की उपाधि



**दुर्ग।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि कीट विज्ञान विभाग द्वारा ग्राम डुन्डेरा निवासी शिल्वी यादव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि एंटेमोपैथोजेनिक निमेटोड विषय में शोध के लिए प्रदान की गई है। उन्होंने यह शोध सलाहकार प्रोफेसर डॉ. सोनाली देवले और सहायक सलाहकार डॉ. वायके यदु तथा विभागाध्यक्ष बीपी कतलम के के मार्गदर्शन में पूर्ण की। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रामेन डेका ने पीएचडी की यह उपाधी प्रदान की। शिल्वी मुकुंद राम यादव और चंद्रप्रभा यादव की पुत्री हैं।

● समर क्वीन प्रतियोगिता में 50 से ज्यादा महिलाओं ने लिया हिस्सा, संगीता जायसवाल बनीं विजेता

# गर्मी में लिनन, सिल्क, भागलपुरी साड़ियों से बिखेरा फैशन का जलवा, सर्वश्रेष्ठ परिधान साड़ी में छलका भारतीयता का रंग

भिलाई। एक ओर जहां न्यूयॉर्क में दुनिया का सबसे एक्सक्लूसिव फैशन इवेंट मेट गाला सुर्खियों में है, वहीं इस्पात नगरी भिलाई में स्वयंसिद्धा संस्था ने भारतीय परिधान साड़ी को विश्व पटल पर पहुंचाने के लिए एक अनूठा साड़ी गाला इवेंट आयोजित किया। भीषण गर्मी में भी गृहणियों ने सूती, लिनन, ढाकाई, सिल्क, भागलपुरी, कोटा डोरिया, संबलपुरी और मलमल जैसी रंग-बिरंगी साड़ियों में फोटोशूट कर साबित कर दिया कि साड़ी ही संसार का सर्वश्रेष्ठ परिधान है।



### गर्मी में भी साड़ी का जलवा, घरेलू कामों के साथ फोटोशूट

स्वयंसिद्धा ए मिशन विद ए विजन की ऑनलाइन समर क्वीन प्रतियोगिता में महिलाओं ने गर्मियों में पहनी जाने वाली साड़ियों को पहनकर अलग-अलग अंदाज में तस्वीरें खिंचवाईं। कोई नारियल पानी, नींबू पानी और कच्चे आम के साथ पेड़ की छांव में दिखी तो कोई छाछ पीते हुए, बगीचे की देखभाल करते हुए, अचार डालते हुए, चिड़ियों को दाना-पानी देते हुए और बोरे-बासी खाते हुए नजर आई। गृहस्थ धर्म निभाती इन महिलाओं ने परिवार के सदस्यों की मदद से तरह-तरह के पोज बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया।











### 20 साल से जुटी हैं साड़ी प्रमोशन में

संस्था की डायरेक्टर डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से भारतीय परिधान साड़ी को प्रमोट कर रही हैं। हमारे देश में हजारों तरह की साड़ियां हैं और उन्हें सैकड़ों तरीकों से पहना जा सकता है। यह विश्व का सबसे बेहतरीन परिधान है जो बिना स्टीच के बनता है। उन्होंने कहा कि हर प्रदेश और शहर की बुनाई में अलग छाप होती है। साड़ी का प्रमोशन हमारे हथकरघा एवं बुनकरों के लिए भी जरूरी है।

### संगीता बनीं समर क्वीन

छत्तीसगढ़ के कई जिलों से 50 से अधिक महिलाओं ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में महिला उद्यमी एवं साड़ी एक्सपर्ट विनीता गुप्ता, शिक्षाविद तूहीनकणा भट्टाचार्य और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुचित्रा शर्मा शामिल थीं। डॉ सुचित्रा का कहना है कि मीडिल ऐज वाली महिलाओं को डिप्रेशन से निकालने में यह आयोजन अच्छा रहा। वहीं विनीता गुप्ता ने कहा कि साड़ी को प्रमोट करना देश के विकास की दिशा में सार्थक कदम है। प्रतियोगिता में संगीता जायसवाल प्रथम, अनीता पाण्डेय एवं पुनिता कौशल द्वितीय, प्रियंका सिंह और श्रुति तिवारी तृतीय रहीं। मोस्ट क्रिएटिव का खिताब यामिनी ताम्रकार, यूनिक साड़ी ड्रैपिंग रुमा दे और परफेक्ट थीम विद मैसेज आरती तिवारी को मिला। समर वाइब्स शीला प्रकाश, मोस्ट स्मार्ट माधुरी बिजोरिया, मोस्ट स्टाइलिश अनीता चक्रवर्ती रहीं। ब्यूटीफुल साड़ी डॉ. पूर्णिमा लाल, मोस्ट सिंपल ज्योति गांधी, मिसेस सिंपलसिटी सीमा कन्नोजे, बेस्ट ट्रेडिशनल लुक बिंदु नायक और देबजानी मजूंमदार को मिला। मोस्ट गॉर्जियस कमल चक्रवर्ती, मिसेस कूल हेमा राय, पिक्चर परफेक्ट राजश्री नायर, मोस्ट एलीगेंट कमलेश आर्य व लक्ष्मी साहू, बेस्ट फोटोग्राफी रीता वैष्णव व अक्षुणा वैष्णव रहीं। जूरी अवार्ड राजकुमारी कनोजे, रुखसाना शेख और शशि किरण को दिया गया।

**रीजनल साहसिक शिविर**

## स्वयंसेवकों ने ट्रेकिंग से लेकर रॉक क्लाइम्बिंग तक में दिखाया दम



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हिमाचल प्रदेश स्थित रीजनल माउंटेनरिंग सेंटर में आयोजित साहसिक शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। शिविर से लौटने के बाद विश्वविद्यालय में सभी प्रतिभागी स्वयंसेवकों को साहसिक शिविर के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कुलपति डॉ. प्रो. संजय तिवारी एवं कुलसचिव डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप के मार्गदर्शन में एनएसएस के स्वयंसेवक निरंतर सेवा, नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवक सामाजिक जागरूकता, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करने के लिए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। हिमाचल में आयोजित शिविर के दौरान ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रिवर क्रॉसिंग, रिप्लिंग जैसी चुनौतीपूर्ण साहसिक गतिविधियां कराई गईं।

छत्तीसगढ़ टीम के सभी स्वयंसेवकों ने अनुशासन, साहस, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का प्रेरणादायक परिचय दिया। स्वयंसेवकों के शानदार प्रदर्शन से न केवल छत्तीसगढ़ प्रदेश बल्कि रीजन का नाम भी गौरवान्वित हुआ।इन स्वयंसेवकों ने बढ़ाया मान शिविर में कार्यक्रम अधिकारी मिथिला सिंघारे के नेतृत्व में स्वयंसेवक टिकेंद्र वर्मा, लोचन कुमार साहू, सिद्धार्थ साहू, शशांक साहू, अंकिता चेलक, दिव्या, निशा निर्मलकर एवं अनुकृति पारकर की विशेष भूमिका रही। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक जैनेंद्र कुमार दीवान, डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, रासेयो बालोद जिला संगठक डॉ. लीना साहू तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**डीपीएस चौक में हुआ भंडारा**

## काले तिल, वस्त्र और तेल अर्पित कर किया शनिदेव का अभिषेक



**भिलाई।** शनिदेव जन्मोत्सव के अवसर पर रिसाली स्थित डीपीएस चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ललित चंद्राकर ने विधि-विधान से शनिदेव महाराज की पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की।

उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शनिदेव महाराज हमें सत्य, धर्म और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, यही प्रार्थना है। शनि महाराज की कृपा से हमारे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो। डीपीएस चौक के कार्यक्रम के अतिरिक्त विधायक चंद्राकर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में आयोजित शनिदेव जयंती कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भक्तों ने तेल, काले तिल, काले वस्त्र अर्पित कर शनिदेव महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे वातावरण में जय शनिदेव महाराज के जयकारों की गूंज रही। पूजा-अर्चना के पश्चात विधायक श्री ललित चंद्राकर ने अपने हाथों से सभी भक्तजनों को महाप्रसाद का वितरण किया। उन्होंने कहा कि महाप्रसाद ग्रहण करने से मन को शांति और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**जेसीआई दुर्ग–भिलाई का बैचलर ट्रिप, बिजनेस के साथ बढ़ा भाईचारा**

## बिजनेस को मजबूत करने रेफरल नेटवर्किंग पर हुई चर्चा, 40 सदस्यों ने लिया हिस्सा, जाने व्यवसाय के टिप्स

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई द्वारा एक मिशन बिजनेस की बात बैचलर ट्रिप का आयोजन किया गया। यह विशेष यात्रा केवल मनोरंजन व घूमना-फिरने के लिए नहीं बल्कि सदस्यों के बीच आपसी भाईचारा बढ़ाना, व्यवसायिक अनुभव साझा करना, बिजनेस नेटवर्किंग को मजबूत करना और एक-दूसरे को प्रोफेशनली बेहतर तरीके से समझने के लिए किया गया था। ट्रिप में कुल 40 जेसी सदस्यों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।



### बॉण्ड बियोंड बिजनेस के अनुभव किए साझा

संगठन के अध्यक्ष जेसी संतोष कुमार ने कहा कि यह ट्रिप केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि बॉण्ड बियोंड बिजनेस, फ्रेंडशिप बियोंड फॉर्मेलिटी, ब्रदरहुड बियोंड बाउंड्रीज का अद्भुत अनुभव रही। सदस्यों ने एक-दूसरे से सीखते हुए आपसी संबंधों को और मजबूत बनाया। वहीं सचिव जेसी तोरण स्वाति अटल ने आयोजन के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



### बिजनेस एक्सचेंज पर हुई चर्चा

यात्रा के दौरान सदस्यों के बीच बिजनेस एक्सचेंज, रेफरल नेटवर्किंग, नए अवसरों और आपसी सहयोग को लेकर खुलकर विचार साझा किए गए। जनसंपर्क अधिकारी जेसी ट्विंकल खेमुका पारख ने बताया कि जेसीआई दुर्ग–भिलाई द्वारा इस प्रकार के आयोजन सदस्यों के व्यक्तित्व विकास, व्यवसायिक नेटवर्किंग एवं आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से निरंतर किए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठों का मार्गदर्शन भी मिला। जिसमें पूर्व अध्यक्ष रजनीश जायसवाल और कोच जेसी अंकुर सिंघई ने सदस्यों से जानकारी साझा की। इस यात्रा में पूर्व अध्यक्ष प्रवीण परमार की उपस्थिति रही, जिससे यह यात्रा सभी के लिए यादगार बन गई।

### डायरेक्टर्स व टीम का रहा सराहनीय योगदान

इस ट्रिप के संचालन में डायरेक्टर्स जेसी अंशुल रामारिया, जेसी करण तिवारी, सुमेध बोधि, प्रोग्राम डायरेक्टर्स अभिषेक जैन, वर्धमान तातिया, शुशांत चौबे सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने उत्कृष्ट टीमवर्क का परिचय दिया। साथ ही अमित अग्रवाल, विजय सेकसरिया, रूपेश जैन और अतुल जैन ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में आकर्षि ने जीता रजत पदक

दुर्ग। अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी एवं




छत्तीसगढ़ शासन में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ आकर्षी कश्यप ने सेंट डेनिस रियूनियन में हुए इंटरनेशनल चैलेंज 2026 प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। अफ्रीका के पूर्वी तट, मेडागास्कर के पूर्व और मॉरिशस के दक्षिण-पश्चिम में स्थित द्वीप सेंट-डेनिस में यह प्रतियोगिता 13 मई से शुरू हुई थी और इसका समापन रविवार को हुआ। रजत पदक हासिल करने के बाद आकर्षी ने अपने पुलिस विभाग, शासन-प्रशासन को धन्यवाद कहा है, जिन्होंने हर समय सहयोग और समर्थन दिया। उन्होंने एनटीपीसी कोरबा और हीरा ग्रुप रायपुर का भी आभार जताया है, जिन्होंने उनकी बैडमिंटन की यात्रा में लगातार सहयोग किया। आकर्षी का अगला टूर्नामेंट मलेशिया मास्टर्स है, जो कुआलालम्पुर में 19 से 24 मई तक आयोजित है।

### सनी लेंगे साई हॉस्टल कुरुक्षेत्र में साइकिल पोलो का प्रशिक्षण

भिलाई। इस्पात नगरी मरोदा भिलाई



निवासी साइक्लिंग खिलाड़ी सनी कुमार का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के कुरुक्षेत्र साइकलिंग प्रशिक्षण केंद्र में हुआ है। भिलाई इस्पात संयंत्र साइकलिंग क्लब के बालक साइक्लिस्ट सनी कुमार ने छत्तीसगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्टेशन मरोदा से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है। उसकी साइकलिंग खेल की शुरुआत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशन मरोड़ा से छठवीं कक्षा से हुई। अत्यंत साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले इस खिलाड़ी ने कठिन परिस्थितियों के बीच अपनी मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के एन. आई. एस. प्रशिक्षक प्रतीक मानोध्या उनके मुख्य प्रशिक्षक हैं। इस सफलता के पीछे छत्तीसगढ़ साइक्लिंग संघ, प्रशिक्षकों एवं गुरुजनों की वर्षों की मेहनत तथा प्रोत्साहन , मार्गदर्शन और समर्पण जुड़ा हुआ है। महासचिव विनायक चन्नावार ने बताया कि सीमित संसाधनों में ही खिलाड़ी को निरंतर तैयार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आज वह राष्ट्रीय स्तर की अकादमी तक पहुंचा है। छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी, बी.एस.पी.साइकलिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, बी. एस. पी.साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह तथा समस्त पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के और भी खिलाड़ी देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### प्रो सॉफ्टबॉल लीग क्रिकेट में 16 टीम आमने-सामने



भिलाई। बीएसपी इस्पात क्लब द्वारा आयोजित इस्पात सुपर प्रो सॉफ्टबॉल लीग क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार को शुरू हुई। 25 मई तक मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में होने वाली इस प्रतियोगिता में 16 टीमे भाग ले रही है। इन्हें चार पूलों में विभाजित किया गया है। पहले दिन रविवार को खेले गए मैच में टीम ब्लैक थंडर विरुद्ध रॉयल स्ट्राइकर में परिणाम रॉयल स्ट्राइकर ने तीन विकेट से जीता। बल्लेबाजी में ब्लैक थंडर टीम 86 रन पर आउट हो गई। शंभू पाल ने 21 रन और संजीत पासवान ने 18 रन बनाएं। गेंदबाजी में रॉयल स्ट्राइकर के मोहम्मद आरिफ अहमद ने तीन विकेट और तप भंवरी ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में रॉयल स्ट्राइकर ने 7 विकेट पर 92 रन बनाए। मधु इक्का ने 19 रन, सुकांता ने 15 एवं इशांत ने 13 रन बनाए। गेंदबाजी में ब्लैक थंडर के अतुल सोनी एवं विजय यादव ने दो-दो विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद आरिफ अहमद रहे। मैच के अंपायर मोहम्मद दाऊद अंसारी एवं सुनील कुमार डड़सेना, स्कोरर अर्जुन एवं विवेक सिंघम थे।

डॉक्टर से जानिए इस मौसम में कैसे रहें सुरक्षित

# बढ़ती गर्मी के कारण बढ़ सकती है बेहोशी-चक्कर की समस्या, बाहर निकलते वक्त रहें सावधान

देश के ज्यादातर राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखा जा रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक (लू) लगने का खतरा रहता है, जिसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। देश के ज्यादातर राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखा जा रहा है। राजधानी दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार (20 मई) को पारा 40 डिग्री और इसके आसपास देखा गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह की बढ़ती गर्मी हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकती है, जिसको लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक (लू) का खतरा रहता है, जिसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। डॉक्टर बताते हैं, अत्यधिक गर्मी शरीर के थर्मोरेगुलेटरी सिस्टम (तापमान को कंट्रोल करने वाले तंत्र) को प्रभावित करती है, जिससे लू लगने, हीट एक्सहॉश्शन, चक्कर आने और बेहोशी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

चूंकि इन दिनों तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है, इसलिए आपको पहले से ही कुछ सावधानियां बरतते रहना चाहिए जिससे गंभीर समस्याओं से बचा



जा सके।

### हीट स्ट्रोक का बढ़ रहा है खतरा

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में जनरल फिजिशियन डॉ रविंद्र डबास बताते हैं, गर्मी के दिनों में हीट स्ट्रोक बहुत आम समस्या है पर कुछ स्थितियों में इसके कारण गंभीर दिक्कतें भी हो सकती हैं। लू लगने की स्थिति में शरीर का तापमान 104फैरनहाइट (40सेल्सियस) या उससे अधिक हो जाता है। यह समस्या शरीर के तापमान नियंत्रित करने की क्षमता फेल हो जाने के कारण होती है।



वैसे तो हीट स्ट्रोक किसी को भी हो सकता है, पर बच्चे और बुजुर्गों में इसके मामले अधिक देखे जाते हैं। बच्चों का शरीर तेजी से गर्म होता है और वे अपनी स्थिति को सही ढंग से व्यक्त नहीं कर पाते वहीं बुजुर्गों के शरीर की थर्मोरेगुलेशन क्षमता कम होती है, इसके कारण 60 से अधिक उम्र वाले लोगों को भी लू लगने का जोखिम अधिक रहता है।

ऐसे लोगों को बरतनी चाहिए खास सावधानी

डॉक्टर कहते हैं, यदि आप गर्भवती हैं या खुले में काम करने करते हैं (जैसे मजदूर, ट्रैफिक पुलिस, किसान) तो गर्मी से बचाव के लिए निरंतर उपाय करते रहें। इसके अलावा क्रोनिक बीमारियों से पीड़ित जैसे हृदय रोग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या मोटापा के शिकार लोगों को भी गर्मी के दिनों में विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं हो गया है हीट स्ट्रोक?

डॉक्टर बताते हैं हीट स्ट्रोक की स्थिति में आपको कई प्रकार की दिक्कतें होती हैं। शरीर का तापमना बढ़ जाना इसका पहला लक्षण है। इसके अलावा आपको पसीना, त्वचा लाल होने, कमजोरी या थकावट, मतली या उल्टी और चक्कर आने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर



शुरुआती स्थिति में हीट स्ट्रोक पर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने या कम होने, भ्रम-दौरे या बेहोशी की दिक्कतें देखी जाती हैं। दीर्घकालिक रूप में हीट स्ट्रोक की स्थित किडनी फेलियर, ब्रेन से संबंधित समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती है।

### हीट स्ट्रोक-लू से बचे रहने के लिए क्या करें?

आप कुछ आसान से उपाय करके हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्याओं से बचे रह सकते हैं।

सबसे जरूरी है कि आप हाइड्रेटेड रहें। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगे।इलेक्ट्रोलाइट्स वाले ड्रिंक्स जैसे ओआरएस या नारियल पानी का सेवन करें। दिन में 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाहर न निकलें। घर से बाहर निकलते समय छाते, टोपी या सनग्लासेस का उपयोग करें। सूती, हल्के रंग के और हवादार कपड़े गर्मी से राहत दिलाते हैं।मौसमी फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू पानी, बेल का शरबत इत्यादि लाभकारी हैं।



# एक फ्लोर चढ़ते ही फूलने लगती है सांस अपने शरीर की कमियों को जरूर पहचानें

क्या आप सीढ़िया चढ़ते वक्त थक जाती हैं। एक फ्लोर चढ़ते चढ़ते ही सांसें तेज हो जाती है?हार्टबीट जोर जोर से चलता है, कुछ सेकेंड के लिए ऐसा भी लगता है, कि आप बेहोश होकर गिर जाएंगी, तो आप इसे थकान या मोटापा समझकर नजरअंदाज न करें। हो सकता है कि आपके शरीर को कुछ जरूरी पोषक तत्वों की कमी हो रही हो। आइए जानते हैं कि आखिर सीढ़ियां चढ़ते वक्त ऐसा महसूस होने के पीछे क्या वजह हो सकती है। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौन ने जानकारी साझा की है।

### एक फ्लोर चढ़ते ही क्यों फूलने लगती है सांस?

एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आपके शरीर में लो हीमोग्लोबिन है, तो ऐसा हो सकता है। बता दें कि हीमोग्लोबिन एक ऐसा प्रोटीन होता है, जो शरीर में ऑक्सीजन को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का काम करता है। जब शरीर में इसका स्तर कम हो जाता है, जो मांसपेशियों और शरीर के अंगों तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंचती है। और जरा सी मेहनत करने पर भी सांस फूलने लगती हैं

बेहतर होगा कि आप हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड़, अनार और चुकंदर का सेवन करें। विटामिन सी युक्त चीजों का सेवन



करें। डॉक्टर की सलाह पर आयरन सप्लीमेंट्स लें। बीटरूट और आमला जूस से दिन की शुरुआत करें।

अगर आपके शरीर में विटामिन बी 12 की कमी होती है, तो न्यूरोलॉजिकल सिस्टम प्रभावित होता है। इससे आपकी सांस लेने की क्षमता पर भी असर पड़ता है। इसके कारण भी सांस फूलना, थकान, कमोजरी, हाथ पैरों में झुनझुनी होती है। इसके अलावा विटामिन डी की कमी भी हल्की मेहनत करने पर सांस फूलने की दिक्कत दे सकती है। सुबह की धूप लें।दूध और अंडा।मांसाहारी चीजें खाएं। डॉक्टर की सलाह पर विटामिन बी12 और विटामिन डी सप्लीमेंट्स लें। सांस फूलना एक अप्रिय अनुभूति है, जिसमें सांस लेने में असुविधा, तेजी या कठिनाई होती है। लोग कहते हैं कि उन्हें सांस फूलने, सांस फूलने या घबराहट महसूस होती है। चिकित्सा शब्द डिस्पनिया है। आपकी छाती में जकड़न महसूस हो सकती है और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।

हर किसी को सांस फूलने की समस्या हो सकती है अगर वे बस के लिए दौड़ते हैं या खुद को असामान्य सीमा तक थकाते हैं। लेकिन अगर आपको सांस फूलने की समस्या हो रही है तो डॉक्टर से सलाह लेना ज़रूरी है, क्योंकि यह किसी गंभीर अंतर्निहित समस्या के कारण हो सकता है।

### सांस फूलना क्या है?

सांस फूलने को सांस फूलना और सांस लेने में कठिनाई भी कहा जाता है। सांस फूलने की समस्या से पीड़ित लोग इसे इस तरह से बता सकते हैं: साँस फूलने जैसा महसूस होना। ऐसा महसूस होना कि छाती बहुत कसी हुई है। ऐसा महसूस होना कि उन्हें पर्याप्त हवा नहीं मिल रही है भारी शारीरिक गतिविधि करते समय सांस फूलना सामान्य है, जैसे दौड़ना। हालाँकि, आराम करते समय या बहुत हल्की शारीरिक गतिविधि करते समय (जैसे घर के आसपास टहलना) सांस फूलना सामान्य नहीं है, और यह किसी मेडिकल समस्या का संकेत हो सकता है। सांस फूलने के लिए चिकित्सा शब्द डिस्पनिया है।



# किचन क्या और क्यों नहीं रखना चाहिए, जान लें कुछ जरूरी बातें

किचन हमारे घर का अहम हिस्सा है। हम किचन की हाइजीन का कैसे ध्यान रख रहे हैं, यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। हम कोशिश करते हैं कि किचन साफ-सुथरा रहे। अच्छे से मेंटेन रहे, ताकि देखने में भी अच्छा लगे और खाना भी किसी तरह से कंटैमिनेट न हो। मगर फिर भी कई ऐसे कारण हैं, जिससे हाइजीन पर असर पड़ता है।

चाहे आपकी किचन कितनी भी मॉडर्न क्यों न हो, अगर उसमें कुछ चीजें मौजूद हैं तो आपको तुरंत उन्हें बाहर करना चाहिए। आइए जानते हैं कि कौन-सी हैं वे चार चीजें जिन्हें किचन में रखना एक बड़ी भूल हो सकती है।

### बिल्कुल न रखें दवाइयां

आपने अक्सर देखा होगा कि लोग दवाइयों को किचन के एक कोने में स्टोर कर लेते हैं, ताकि टाइम पर याद रहे। लेकिन ये आदत नुकसानदायक हो सकती है। कुछ कफ सिरप तो फ्रिज में रख दिए जाते हैं। किचन में खाना बनाते समय उठने वाली गर्मी और भाप दवाओं की क्वालिटी को कम कर देती है। कई दवाइयों को ठंडी और सूखी जगह पर रखने की सलाह दी जाती है। कोशिश करें कि दवाइयों को एक अलग ड्रॉअर या मेडिसिन कैबिनेट में रखें, जो नमी और गर्मी से दूर हो।

### डैमेज या खराब हो चुके बर्तन

कितने ऐसे बर्तन हमारे किचन में होंगे, जो स्क्रैच्ड हैं या टूट चुके हैं फिर भी हम उन्हें स्टोर करके रख सकते हैं। मगर ये चीजें आपके लिए ही मुसीबत बन जाती है। ये बर्तन बेकार में आपका स्टोरेज भर देते हैं और फिर बाकी बर्तनों के लिए जगह नहीं होती।




वहीं, स्क्रैच्ड और जंग लगे हुए बर्तन अन्य बर्तनों में जंग लगा सकते हैं। लोहे के तवे में लगा जंग हो तो वह जंग आसपास के बर्तनों में लगकर उन्हें खराब कर सकता है। स्क्रैच्ड बर्तन नए पैन और नॉन-स्टिक पैन को डैमेज कर सकते हैं। किसी भी खराब, क्रैक्ड या स्क्रैच्ड बर्तन को तुरंत निकालकर फेंकें।

### क्लीनिंग एसेंशियल्स

कई लोग किचन के सिंक के नीचे या साथ में क्लीनिंग प्रोडक्ट्स जैसे फिनाइल, ब्लीच या टॉयलेट क्लीनर रख लेते हैं। इन रसायनों के रिसाव या गंध से खाने की चीजें संक्रमित हो सकती हैं।

अगर गलती से ये गिर जाएं, तो किचन में इनक गंध फैल जाएगी, जिससे आपका किचन में खड़े रहकर खाना बनाना मुश्किल हो सकता है।

इन्हें बाथरूम या किसी सेपरेट स्टोरेज एरिया में रखें, ताकि आपकी किचन सुरक्षित और साफ बना रहे। किचन की साफ करने वाले डस्टर्स और क्लीनर्स को भी एक अलग स्टोरेज का हिस्सा बनाएं।

# पतली हस्तरेखाएं आपके बारे में खोलती हैं रहस्य

हाथ की रेखाएं व्यक्ति के भविष्य के साथ-साथ उसके व्यक्तित्व के बारे में भी बताती हैं। इसी कड़ी में आज हम ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से जानेंगे कि जिन लोगों की हथेली की रेखाएं बहुत पतली होती हैं, उनका भविष्य कैसा हो सकता है।



### पतली हस्तरेखा वाले लोगों का करियर

पतली हस्तरेखा वाले लोगों का करियर बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहता है। जिन लोगों के हाथ की रेखाएं पतली होती हैं उन्हें सेटल होने में टाइम लगता है। उनका करियर फिर चाहे वो बिज़नेस के माध्यम से हो या नौकरी के माध्यम से, ढेर से बनता है। पतली हस्तरेखा वाले लोगों को अपने करियर के दौरान कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार ऐसी परिस्थिति भी आ जाती है कि सारे रास्ते बंद हो जाते हैं और कुछ समझ नहीं आता कि क्या करना है लेकिन इसके बाद भी पतली हस्तरेखा वाले लोग मेहनत के बलबूते देर से ही सही पर सफलता पा लेते हैं। जिन लोगों की हाथ की रेखाएं बहुत पतली होती है उनकी लाइफ संघर्ष से भरी होती है, विशेष रूप से अगर वो संघर्ष लव लाइफ से जुड़ा हुआ हो तो। प्रेम संबंध को या फिर वैवाहिक जीवन को सुगम बनाने के लिए पतली रेखा वाले लोग अपना मान-सम्मान, आत्मसम्मान तक की चिंता नहीं करते हैं लेकिन इसके बाद भी इनके प्रति इनका पार्टनर कठोर बना रहता है। हां, मगर ये अपनी कोशिशों से अपने पार्टनर का दिल जीत ही लेते हैं और अपनी मैरिज या लव लाइफ को सक्सेस की तरफ ले जाते हैं।

कार्नर न्यूज

## छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों छाया क्रिकेट का रोमांच

# एलिट ग्रुप पांचवें राउंड के मुकाबले भिलाई राजहरा, धमतरी और कांकेर में जारी

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें राउंड के दूसरे दिन रविवार को शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम बीएसपी विरुद्ध राजनांदगांव में बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव ने पहली पारी में 6 विकेट पर 190 रन बनाए। इनमें अखिलेश सोनकर ने नॉट आउट 54 रन और शौर्य परिहार ने 44 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी के कुमार सिद्धार्थ द्विवेदी ने तीन विकेट लिए।

धमतरी में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध रायपुर के बीच मैच में बल्लेबाजी करते हुए भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम पहली पारी में 202 रन पर आउट हो गई। इनमें जे साईं आदित्य ने 59 रन और नमन गोयल ने नॉट आउट 55 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर के अभिनव सिंह ने तीन विकेट और अथर्व सिंह ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में दो विकेट पर 70 रन बनाए। अथर्व सिंह ने नॉट आउट 47 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के ए ऋषिक ने दो विकेट लिए।

दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम



रायपुर ब्लू विरुद्ध कोरबा के बीच बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू टीम पहली पारी में 340 रन पर आउट हो गई। शौर्य जायसवाल ने 115 रन, अभिनव गर्ग ने 61 रन और पेरुगूआर्यन ने 50 रन बनाए। गेंदबाजी में कोरबा के श्रेयांश त्रिपाठी ने चार विकेट, देवांश तिवारी ने दो एवं भावेश दुबे ने भी दो विकेट लिए।

न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम दुर्ग विरुद्ध कवर्धा के मैच में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी में 275 रन पर आउट हो गई। सौरभ भारती ने 94, विश्वदीप साहू ने 55, संगम सिंह भाटिया ने 42 और वेदांत पांडे ने 33 रन बनाए। गेंदबाजी में कवर्धा के आदर्श देवांगन ने चार और अभिनव साहू ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में कवर्धा ने पहली पारी चार विकेट पर 82 रन बनाए। हिमांशु पटेल ने 34 और भव्य जैन ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में दुर्ग के मोहम्मद हनन कुरैशी ने दो विकेट लिए।

### सीनियर महिला क्रिकेटर उतरीं मैदान में

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-23 एवं सीनियर महिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम सेंट्रल जोन ने 41 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने आठ विकेट पर 147 रन बनाए। कप्तान कृति गुप्ता ने 48 रन और सेजल वर्मा ने नॉट आउट 32 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की संजीता पटेल ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन की टीम 106 रन पर आउट हो गई। शिवी पांडे ने 41 रन और संचिता पटेल ने 22 रन बनाएं। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की जपनीत कौर ने 5 विकेट, पवनी ताम्रकार एवं श्रद्धा वैष्णव ने दो-दो विकेट लिए।

वहीं कल्याण कॉलेज ग्राउंड में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में परिणाम वेस्ट जोन ने 26 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 5 विकेट पर 148 रन बनाए। कुमुद साहू ने 33 रन, संजना पारधि ने 27 रन निधि, सूर्यवंशी ने 25 रन और सोनाली यादव ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की योगिता लहरे, साक्षी शुक्ला, किरण वर्मा, देवकी वर्मा एवं मानश्री निर्मलकर ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 4 विकेट पर 122 रन बनाए। इनमें मानसी मौर्य ने 45 रन,मिताली शर्मा ने नॉट आउट 29 रन और कैप्टन सृष्टि शर्मा ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की अंजली शर्मा ने दो विकेट लिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्लेक और जस्टिन के बीच सेटेलमेंट, को-स्टार्स के बीच कानूनी लड़ाई खत्म होने के संकेत

एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली और जस्टिन बाल्डोनी की कानूनी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। अब सुनने में आया है कि दोनों ने इस शर्त पर समझौता कर लिया है।



अगस्त 2024 में हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही यह विवाद दुनियाभर में चर्चा में रहा। हालांकि, बीते 4 मई को दोनों कलाकारों ने इस मामले पर कोर्ट के बाहर सेटलमेंट कर लिया है। बीते दिनों ब्लेक और जस्टिन के बीच चल रहे इस कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच अब समझौता हो चुका है। इस समझौते में किसी तरह का कोई वित्तीय मुआवजा नहीं दिया गया है। हालांकि, कानूनी लड़ाई अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। मामले से जुड़े एक सूत्र ने यह भी कहा है कि अगर कोई इस समय गोपनीय समझौते की शर्तों की पुष्टि करता है तो वह गुमराह कर रहा है। इस गोपनीय समझौते के बारे में अधिक जानकारी आने वाले दिनों में अदालत के रिकॉर्ड में होगी।

मामले में पिछले महीने ही कोर्ट ने लाइवली के कई दावे किए जिनमें यौन उत्पीड़न का दावा भी शामिल था, जिसे बाद में खारिज कर दिया गया। ब्लेक लाइवली ने अदालत में यौन उत्पीड़न के आलावा तीन और दावे पेश किए थे। मगर इस सप्ताह की शुरुआत में उन्होंने अपने तीनों दावे वापस ले लिए। इनमें से कुछ दावे उन्होंने बाल्डोनी की सह-स्थापित प्रोडक्शन कंपनी वेफेयर स्टूडियोज और उसके प्रचारकों की टीम के खिलाफ किए थे।

### टॉलीवुड

## राम चरण की 'पेद्दी' के निर्माताओं ने दी अहम जानकारी, फिल्म के प्रीमियर को लेकर कही यह बात

राम चरण की आगामी फिल्म 'पेद्दी' के निर्माताओं ने फिल्म को लेकर अहम घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के प्रीमियर को लेकर भी खास बात बताई है। राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म की रिलीज डेट कई बार टाली जा चुकी है। इसी बीच आज निर्माताओं ने फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है।



फिल्म 'पेद्दी' के निर्माताओं ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए लिखा, 'पेद्दी' की एडिटिंग फाइनल हो गई है। 3 जून 2026 को इसका भव्य प्रीमियर होगा और 4 जून 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी।

इससे एक हफ्ते पहले फिल्म के कैमरामैन आर। रत्नवेलु ने बताया था कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने राम चरण की तारीफ करते हुए लिखा कि उनके साथ काम करना बहुत खास और यादगार रहा। उन्होंने राम चरण को न सिर्फ अच्छा अभिनेता, बल्कि अच्छा इंसान और दोस्त भी बताया।

'पेद्दी' एक ग्रामीण एक्शन ड्रामा फिल्म है। 'पेद्दी' का निर्देशन बुची बाबू सना ने किया है। इस फिल्म में राम चरण के साथ जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में शिव राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु और बोमन ईरानी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## पावरस्टार पवन का गाना 'टच बडी' हुआ रिलीज, लोग बोले- साउथ में भोजपुरी तड़का

भोजपुरी फिल्मों के पावरस्टार कहे जाने वाले एक्टर और सिंगर पवन सिंह का गाना 'टच बडी' रिलीज हो गया है। इस गाने का लोगों के बीच काफी क्रेज नजर आ रहा है। भोजपुरी फिल्मों के पावरस्टार कहे जाने वाले एक्टर पवन सिंह इन दिनों काफी चर्चा में बने हुए हैं। पवन सिंह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर तो सुर्खियां बटोर ही रहे हैं। इसके साथ ही हाल ही में उनका मोस्ट अवेटेड सॉन्ग 'टच बडी' भी रिलीज हो गया है। इस गाने को दर्शकों का ढेर सारा प्यार मिल रहा है। खासतौर से पवन सिंह को चाहने वाले तो इस गाने की रिलीज का इंतजार ही कर रहे थे। ये गाना 'टच बडी' मृणाल ठाकुर और आदि विशेष की फिल्म 'डकैत' का है। इस गने को पवन सिंह ने गाया है। इस गाने के वीडियो में खुद पावरस्टार पवन सिंह, आदि विशेष और एक्ट्रेस जोनिता गांधी नजर आ रही हैं। ये एक आइटम नंबर है, जो दर्शकों के लिए एक पावर पैक्ड ट्रीट से कम नहीं है। खासतौर से इस गाने के जरिए अब पवन सिंह ने साउथ सिनेमा में भी कदम रख दिया है। ये गाना रिलीज के साथ खूब पसंद किया जा रहा है। फैंस सोशल मीडिया पर इस गाने को लेकर तरह- तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सबसे अच्छा लोगों को इस बात से लग रहा है कि, इस गाने के जरिए भोजपुरी स्टार पवन सिंह अब साउथ सिनेमा में भी कदम रख रहे हैं। इस गाने के रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर भी लोगों के रिएक्शंस आना शुरू हो गए हैं। कोई इसे भोजपुरी और साउथ का मिलन बता रहा है। तो कोई इसे अभी से ही सुपरहित बता रहा है। तो वहीं किसी ने लिखा है 'भैया तो गरदा उड़ा दिए'।



बता दें कि ये गाना 'डकैतः एक प्रेम कथा' फिल्म का है। इस गाने को आज ही गोरखपुर में लॉन्च किया गया है। जहां अदि विशेष, जोनिता गांधी और पवन सिंह भी पहुंचे थे। इस गाने के लिरिक्स वायु श्रीवास्तव ने लिखे हैं।

### एंजल का जलवा

लाइफ स्टाइल



मशहूर मॉडल एंजल रीस पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क शहर में थी। यहां स्टाइनर स्टूडियो में विक्टोरियाज़ सीक्रेट फैशन शो के दौरान रनवे पर उन्होंने सनसनी मचा दी।

## गमछा बना फैशन ट्रेंड, सिर से लेकर गले तक में ऐसे करें स्टाइल

गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान और तेज धूप से बचने के लिए लोग कई तरह के कपड़े और एक्सेसरीज का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन देसी अंदाज में सबसे ज्यादा उपयोगी और आरामदायक चीजों में गमछा सबसे आगे माना जाता है। सही तरीके से स्टाइल किया गया गमछा आपके लुक को देसी और ट्रेंडी दोनों बना सकता है।

### सिर पर बांधकर देसी लुक

गमछा को सिर पर बांधना सबसे पुराना और सबसे उपयोगी तरीका माना जाता है, खासकर गर्मियों में। इसे पगड़ी या स्कार्फ की तरह सिर पर लपेटकर बांधने से तेज धूप सीधे सिर पर नहीं पड़ती, जिससे लू और हीट स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। यह स्टाइल खेतों में काम करने वाले लोगों से लेकर यात्रा करने वालों तक सभी के लिए बेहद काम का है। साथ ही, यह लुक एकदम देसी, मजबूत और रफ-टफ पर्सनैलिटी दिखाता है, जो आजकल फैशन में भी ट्रेंड कर रहा है।

### गले में स्कार्फ स्टाइल

गमछा को गले में स्कार्फ की तरह पहनना आज के युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो गया है। इसे हल्के फोल्ड करके गर्दन में डालकर एक साइड नॉट या फ्रंट लूज टाई किया जाता है। यह स्टाइल कैजुअल टी-शर्ट, शर्ट या जींस के साथ बहुत अच्छा लगता है। इससे न सिर्फ पसीना कम महसूस होता है, बल्कि एक स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक भी मिलता है। यह तरीका ऑफिस कैजुअल से लेकर आउटिंग तक हर जगह अपनाया जा सकता है।

### कंधे पर कैरी लुक



गमछा को कंधे पर कैरी करना सबसे सिंपल लेकिन स्टाइलिश तरीका है। इसमें गमछा को एक तरफ कंधे पर डालकर खुला छोड़ दिया जाता है या हल्का सा फोल्ड करके रखा जाता है। यह लुक बहुत ही नेचुरल और देसी चार्म देता है। खासकर गर्मियों में यह स्टाइल उन लोगों के लिए अच्छा है जो हल्का और आरामदायक फैशन पसंद करते हैं। यह तरीका कम मेहनत में भी आपको एक अलग पहचान देता है।

### फेस कवर स्टाइल

गमछा को फेस कवर की तरह इस्तेमाल करना धूल, धूप और गर्म हवा से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है। इसे बाइक चलाते समय या ट्रैवल के दौरान नाक और मुंह पर बांधकर मास्क की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। यह स्टाइल खासकर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो लंबे समय तक बाहर रहते हैं। इससे चेहरे की स्किन भी सुरक्षित रहती है और धूल से होने वाली एलर्जी का खतरा भी कम हो जाता है।

## खरीदने जा रही हैं कुर्ता तो रखें इन बातों का ध्यान, देखकर लोग करेंगे तारीफ



हर उम्र की महिला के पास कुर्तों का कलेक्शन तो मिल ही जाता है। महिलाएं कुर्ता पहन कर काफी कंफर्टेबल रहती हैं। इसको खरीदते वक्त आपको कुर्ते के ढेरों पैटर्न, कलर्स, स्टाइल आसानी से मिल जाते हैं। इसे महिलाएं प्लाजो, जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ भी कैरी करती हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा क्लासिक ए-लाइन कुर्ता से लेकर लेटेस्ट ट्रेंड हाई एंड लो कुर्ता तक में काफी कंफर्टेबल रहती हैं। हर तरीके के कुर्ते बाजार से लेकर ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं।



कुर्ता खरीदने वाली हर महिला के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि वो कुर्ता खरीदते वक्त क्या देखती हैं। दरअसल, जिस तरह से एक परफेक्ट कुर्ते में आपका लुक निखर सकता है, वहीं दूसरी ओर अगर कुर्ता सही नहीं होगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको कुर्ता खरीदते वक्त जरूर रखना चाहिए।



### रखें फैब्रिक का ध्यान

कुर्ता खरीदते समय उसके फैब्रिक पर ध्यान जरूर दें। हमेशा मौसम के हिसाब से ही कुर्ता खरीदना चाहिए। अगर कुर्ते का फैब्रिक ज्यादा हल्का होगा तो ये ज्यादा चलेगा नहीं, वहीं ज्यादा मोटा होने पर ये गर्मी कर सकता है।

### पैटर्न

हर कार्यक्रम के हिसाब से कुर्ते के पैटर्न अलग-अलग आते हैं। अगर आपको स्टेटमेंट लुक चाहिए तो सिंपल ए लाइन कुर्ता ही बेस्ट है पर, जिन महिलाओं को एवरग्रीन लुक चाहिए, वो क्लासिक अनारकली या अंगरखा स्टाइल में से कुछ चुन सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

## डेड स्किन को हटाने में मदद करेगा घरेलू स्क्रब

अक्सर तेज धूप और बाहर मौजूद प्रदूषण के कारण चेहरे की त्वचा पर टैनिंग होने लगती है, जिसके कारण त्वचा पर डेड स्किन की लेयर बन जाती है और त्वचा बेजान नजर अआने लगती है। इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है। चेहरे पर मौजूद पोर्स को डीप क्लीन करने के लिए बेसन काम मरी आता है। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। साथ ही इसमें मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।

डेड स्किन को हटाने के लिए आप कुछ घरेलू स्क्रब आजमा सकते हैं, जैसे कॉफी और शहद का स्क्रब, या ओट्स और शहद का स्क्रब। इन स्क्रबों में प्राकृतिक सामग्री होती है जो त्वचा



को एक्सफोलिएट करके डेड स्किन को हटाने में मदद करती है। कॉफी और शहद का स्क्रब बनाने 1 चम्मच कॉफी पाउडर में 1 चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद धो लें।

ओट्स और शहद का स्क्रब बनाने 2 चम्मच ओट्स को पीसकर पाउडर बना लें। 1 चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद धो लें।

आप नारियल के तेल और कॉफी का भी स्क्रब बना सकते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मदद करता है। चंदन पाउडर और गुलाब जल का स्क्रब त्वचा को शांत और हल्का करने में मदद करता है।

## कभी काम नहीं करती हैं ये हेयर केयर रेमेडीज कहीं आप भी तो नहीं कर रहीं इन्हें ट्राई?

हेयर फॉल की समस्या, ग्रे हेयर की समस्या, स्प्लिट एंड्स की प्रॉब्लम, खुजली वाले स्कैल्प की प्रॉब्लम और ना जाने क्या-क्या। ऐसे में हम कई बार अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट्स ट्राई करते हैं, तो कई बार हम देसी नुस्खों के पीछे भागते हैं, लेकिन इनसे फर्क कितना पड़ता है? डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आंचल पंथ के मुताबिक होम रेमेडीज कुछ हद तक असर तो करती हैं, लेकिन इनमें से कुछ ऐसी होती हैं जिनसे कुछ भी नहीं हो पाता है। कई बार इन होम रेमेडीज के कारण हम अपनी सेहत को बिगाड़ भी लेते हैं।

### मिथकः नींबू की मदद से कम होता है डैंड्रफ

डॉक्टर आंचल के मुताबिक, नींबू की वजह से डैंड्रफ कम नहीं होता है और यह बस स्कैल्प में आए ऑयल को थोड़ा कम करता है। कई लोग लगभग हर हफ्ते नींबू का इस्तेमाल करते हैं और उनका ऐसा करना उनके स्कैल्प को और ज्यादा डैमेज कर देता है।

क्यों स्कैल्प पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए नींबू?नींबू काफी ज्यादा एसिडिक होता है जिससे बालों का झड़ना बढ़ सकता है।



नींबू में सिट्रिक एसिड बहुत होता है जो सूरज की किरणों के प्रति काफी संवेदनशील होता है और इसके कारण जब भी आप नींबू का रस लगाकर बाहर जाती हैं, तो यह धूप के कारण रिएक्ट करता है। ऐसे में स्कैल्प में खुजली, इन्फेक्शन, रैशेज, छोटे दाने और कोई और बड़ी बीमारी हो सकती है। नींबू का रस सीधे बालों पर लगाने से बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। इसका कारण इसमें मौजूद एसिडिक कंटेंट ही है। कभी कभार किसी देसी नुस्खे में नींबू का रस मिलाया जा सकता है क्योंकि इसमें विटामिन-सी होता है, लेकिन फिर भी यह आपके बालों पर असर करेगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। डॉक्टर आंचल के मुताबिक नींबू का रस फायदे से ज्यादा नुकसान करता है।

### कार्नर न्यूज

### दुल्हन की मां पर अच्छी लगेंगी लेटेस्ट ट्रेंड वाली ज्वेलरी

## शादी में सिर्फ दुल्हन ही नहीं, मां के लिए भी होनी चाहिए खास ज्वेलरी, ट्रेंड में है कुछ बेहतरीन डिजाइंस

गर्मियों के इस दौर में सीजन शादी का भी है। बेटी की शादी मां के लिए खास होती है। इसलिए वो भी इस दिन का बेसब्री से इंतजार करती है। इसी वजह से वो अपनी बेटी और अपने लिए हर चीज खास होती है। बेटी की शादी करना माता-पिता का सपना होता है। जब बेटी बड़ी होने लगती है, तो उन्हें भी लगता है कि अब बेटी की शादी करवानी चाहिए। इसलिए वो अपनी बेटी के लिए अच्छे से अच्छा वर ढूंढते हैं और बेटी की शादी करवाते हैं। लेकिन सपना तब पूरा होता है, जब उनकी बेटी दुल्हन बने उनके सामने आती है। लेकिन बेटी भी हमेशा अपनी मां को अच्छा देखना चाहती है। ऐसे में आप अपनी मां के लिए शादी वाले दिन पहनने वाली ज्वेलरी के इन डिजाइन को खरीद सकती हैं। यह साड़ी और लहंगा हर आउटफिट के साथ अच्छी लगेगी।

### साड़ी के साथ पहनें गोल्डन टेंपल ज्वेलरी

कई सारी मां ऐसी होती हैं, जो साड़ी पहनना काफी पसंद करती हैं। यही वजह है कि वो अपनी बेटी की शादी



में भी अलग और अच्छी डिजाइन की साड़ी खरीदकर उसे स्टाइल करती हैं। लेकिन इस हैवी साड़ी लुक को कंप्लीट करने के लिए ज्वेलरी भी जरूरी है। ऐसे में आप अपनी मां के लिए गोल्डन कलर की टेंपल ज्वेलरी को खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी हर साड़ी के साथ अच्छी लगेगी। साथ ही, इसमें आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इसमें आप लॉन्ग नेकलेस सेट भी खरीद सकती हैं। साथ ही, चाहें तो चोकर सेट ले सकती हैं।

### लहंगे के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आप लहंगा पहन रही हैं, तो इसके साथ आप स्टोन पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, आपके लुक को ज्यादा हैवी टच नहीं देगी। इसमें आप चोकर सेट की जगह लॉन्ग नेकलेस सेट को वियर करें, जो पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इससे आपका लुक भी सबसे अलग लगेगा।

### स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट करें वियर

बेटी की शादी में सुंदर दिखने के लिए आप स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट को साड़ी और लहंगा दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे सेट में स्टोन वर्क मिलेगा। वहीं नीचे की तरफ की लटकन में पर्ल का डिजाइन मिलेगा। इयररिंग्स भी थोड़े लंबे मिलेंगे। इससे आपका पूरा सेट और लुक दोनों अच्छे लगेंगे। अगर आप मांग टीका लगाना चाहती हैं, तो उसे भी आप आउटफिट के साथ लगा सकती हैं। मार्केट में इस तरह के ज्वेलरी सेट आपको 1,000 से 1,200 रुपये में मिल जाएंगे।

